रोहतक
गुरुवार, 6 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 35
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 23.0
न्यून. 11.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,730.23 | 740.30 ▲ |
| निफ्टी | 22,337.30 | 254.65 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 89,300 /- | 300/- ▲ |
| चांदी | 99,000/- | 1000/- ▲ |


(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर\नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 87.00 | 19 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 70.51/ बैरल | 0.75% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## केंद्र ने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोप-वे को मंजूरी दी

*उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक (12.9 किमी) और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक (12.4 किमी) का रोपवे बनेगा। इस पर कुल 2730.13 करोड़ रुपये खर्च होंगे।*




**36 मिनट में होगी 9 घंटे की यात्रा, 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र ने केदारनाथ धाम और हेमकुंड साहिब के लिए रोप-वे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, 'अभी जो यात्रा 8-9 घंटे में पूरी होती है, वह घटकर 36 मिनट की हो जाएगी। इसमें 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी।' राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक (12.9 किमी) और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक (12.4 किमी) का रोपवे बनेगा। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट इसे बनाएगा। भगवान शिव का मंदिर केदारनाथ में है।

*केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी की कठिन चढ़ाई है। अभी इसे पैदल, पालकी, टट्टू और हेलिकॉप्टर से पूरा किया जाता है।*

यह समुद्र तल से 3,584 मीटर की ऊंचाई पर है। यहां मंदाकिनी नदी है। केदारनाथ धाम भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के दौरान और साथ ही पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय (एफएंडबी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

**हर घंटे 1800 यात्रियों का जा सकता है जत्था**

हर घंटे 1800 यात्रियों को रोपवे से केदारनाथ पहुंचाया जाएगा। केदारनाथ में बनने वाला रोपवे सबसे एडवांस्ड ट्राई केबल डिटेचेबल गोंडोला टेक्नीक वाला होगा। इससे हर घंटे 1800 और हर दिन 18 हजार तीर्थ यात्रियों को पहुंचाया जाएगा।

**हेमकुंड साहिब आते 2 लाख तीर्थयात्री**

गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किमी रोपवे बनेगा। इसमें 2,730.13 करोड़ रुपये खर्च होंगे। रोपवे से हर घंटे 1100 और हर दिन 11 हजार यात्रियों को ले जाया जाएगा। हेमकुंड साहिब उत्तराखंड के चमोली जिले में है। इसकी समुद्र तल से ऊंचाई 15 हजार फीट है। यहां स्थापित गुरुद्वारा मई से सितंबर के बीच साल में लगभग 5 महीने के लिए खुलता है। हर साल लगभग 2 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

### खबर संक्षेप



**प्रो. सुदेश को पुनः 3 वर्ष के लिए कुलपति का दायित्व**

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश का कार्यकाल 4 मार्च को समाप्त हो गया था। हरियाणा के राज्यपाल व भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार प्रो. सुदेश को पुनः 3 साल के लिए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति का दायित्व सौंपा गया है। कुलपति पद का पुनः कार्यभार संभालते हुए प्रो. सुदेश ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व हरियाणा सरकार का नियुक्ति पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का चहुंमुखी विकास होगा। हरियाणा सरकार द्वारा पुनः दी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए इस विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि जो विकास कार्य महिला विश्वविद्यालय में चल रहे है उन्हें रफ्तार दी जाएगी।

**चैंपियन ट्रॉफी : न्यूजीलैंड व भारत में खिताबी भिड़ंत**

**नई दिल्ली।** भारत 9 मार्च को खेले जाने वाला चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। न्यूजीलैंड ने बुधवार को साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराकर फाइलन में जगह बनाई। न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए 363 रन का लक्ष्य रखा। पीछा करने उतरी अफ्रीकी की टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट झटके। मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर को मिले। डेविड मिलर ने 67 बॉल पर शतक जड़ा।

*खेल पेज भी देखें*

**3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा**

**श्रीनगर।** श्री अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई से शुरू होगी। यात्रा दोनों रास्तों यानी पहलगाम ट्रैक और गांदरबल जिले के बालटाल रूट से एक साथ शुरू होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। इस संबंध में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक भी की। *एजेंसी*

**एंजिला बनीं मिसेज यूनिवर्स, मिला खिताब**

**बीकानेर।** बीकानेर की एंजिला स्वामी मिसेज यूनिवर्स बनी हैं।



एंजिला ने थाईलैंड की राजधानी पटाया में संपन्न हुई मिसेज यूनिवर्स ब्यूटी प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर मिसेज यूनिवर्स का खिताब हासिल किया है। इससे पूर्व एंजिला ने मिसेज इंडिया ऑरा ग्लोबल ईयर 2024 का भी ताज पहनकर बीकानेर का मान बढ़ाया है। *एजेंसी*

**दूध खरीद रहे युवक की कार्डियक अरेस्ट से मौत**

**उज्जैन।** शहर के नेहरू नगर क्षेत्र में एक 32 साल के युवक की



कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। युवक अपनी बेटी के साथ दूध खरीदने के लिए पास की डेयरी पर गया था। जेब से पैसे निकाल रहा था, तभी वह जमीन पर गिर पड़ा। लोगों ने जान बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

### अमेरिकी संसद में दिए अपने पहले भाषण में ट्रंप ने किया ऐलान

# दो अप्रैल से भारत और चीन के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाएंगे

**अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ शुल्क लगाए, अब हमारी बारी**

●

**भारत हमसे 100% से अधिक ऑटो शुल्क वसूलता है**

**डोनाल्ड ट्रंप का 1 घंटे 44 मिनट का भाषण**

भाषा ▶▶| न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और चीन सहित अन्य देशों द्वारा उच्च शुल्क लगाए जाने की आलोचना की और इसे ''बेहद अनुचित'' करार दिया। ट्रंप ने साथ ही घोषणा की कि अगले महीने से जवाबी शुल्क लगाए जाएंगे।

राष्ट्रपति ने जवाबी शुल्क को लेकर अपना पक्ष रखा और कहा कि ये दो अप्रैल से लगाए जाएंगे। वह अन्य देशों से आयात पर वही शुल्क लगाना चाहते हैं, जो वे देश अमेरिका से होने वाले निर्यात पर लगाते हैं। ट्रंप ने मंगलवार रात कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, ''अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ शुल्क लगाए हैं और अब हमारी बारी है कि हम उन देशों के खिलाफ इसका इस्तेमाल करें। यूरोपीय संघ (ईयू), चीन, ब्राजील, भारत, मेक्सिको और कनाडा क्या आपने उनके बारे में सुना है। ऐसे अनेक देश हैं जो हमारी तुलना में हमसे बहुत अधिक शुल्क वसूलते हैं। यह बिल्कुल अनुचित है।'' 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में अपने दूसरे कार्यकाल में कांग्रेस को पहली बार संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, ''भारत हमसे 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो शुल्क वसूलता है।'' फरवरी में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि उनका प्रशासन ''जल्द'' भारत और चीन जैसे देशों पर जवाबी शुल्क लगाएगा, उन्होंने पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान भी यह कहा था। डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत को अमेरिका के जवाबी शुल्क से नहीं बख्शा जाएगा और इस बात पर जोर दिया कि शुल्क संरचना पर कोई भी उनसे बहस नहीं कर सकता।

*(संबंधित खबर पेज 8 पर)*



**क्या-क्या बोले अमेरिकी राष्ट्रपति**

**जैसे को तैसा टैरिफः** दो अप्रैल से जैसे को तैसा टैरिफ लागू होगा। दूसरे देश हम पर भारी टैरिफ और टैक्स लगाते हैं, अब हमारी बारी है। अगर कोई कंपनी अमेरिका में प्रोड्क्ट नहीं बना रही है तो उसे टैरिफ देना होगा।
**यूक्रेन जंगः** जेलेंस्की जल्द से जल्द यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर बातचीत के लिए आने को तैयार हैं। हमने रूस के साथ गंभीर बातचीत की है। हमें मॉस्को से मजबूत संकेत मिले हैं कि वे शांति के लिए तैयार हैं।
**अप्रवासी मुद्दाः** पिछले चार साल में 2.1 करोड़ लोग अवैध रूप से अमेरिका में घुसे हैं। हमारी सरकार ने अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ा बॉर्डर और इमिग्रेशन क्रैकडाउन शुरू किया है।

**जवाबी शुल्क से निपटने के उपायों पर विचार कर रहा भारत**

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क की चेतावनी से वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इसके साथ, भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की व्यापक रूपरेखा के तहत चुनौती का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को अपने संदेश में, संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए अमेरिकी उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाने के लिए यूरोपीय संघ, चीन और कनाडा के साथ-साथ भारत का भी उल्लेख किया। ट्रंप ने देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की, जो अमेरिका से होने वाले आयात पर उच्च शुल्क लगाते हैं। भारत, ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापार परिदृश्य को आगे बढ़ाने पर विचार कर रहा है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल प्रस्तावित समझौते पर अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के साथ बातचीत के लिए इस सप्ताह वाशिंगटन में हैं। भारत में ऐसी उम्मीद है कि वह ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे जवाबी शुल्क से बच सकता है।

**चीन की धमकी, अमेरिका जंग चाहता है तो यही सही, हम आखिर तक लड़ने को तैयार**

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन किसी धमकी से नहीं डरता। हम पर धौंस जमाना काम नहीं करता। दबाव, जबरदस्ती या धमकी चीन से निपटने का सही तरीका नहीं है। जियान ने एक्स पर लिखा कि अमेरिका फेंटेनाइल (ड्रग) मुद्दे पर हर तरह की झूठी जानकारी फैला रहा है, चीन को बदनाम कर रहा है और बलि का बकरा बना रहा है। जियान ने कहा कि अमेरिका जंग चाहता है तो यही सही, हम आखिर तक लड़ने को तैयार हैं।

**किसानों को बड़ी राहत**

## रबी फसल की प्रति एकड़ उत्पादन की सीमा बढ़ाई, 5 फसलों पर मिलेगा फायदा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सूबे के किसानों को बड़ी राहत दी है। सीएम सैनी ने रबी फसलों के प्रति एकड़ औसत उत्पादन की सीमा में बढ़ोतरी किए जाने का फैसला किया है। इस फैसले से किसानों को प्रति एकड़ ज्यादा पैदावार होने से फसल बेचने में कोई परेशानी नहीं होगी। सीएम का यह फैसला सूबे की पांच फसलों पर लागू होगा। सीएम ने जौ की फसल उत्पादन सीमा 15 क्विंटल से बढ़ाकर 16 क्विंटल प्रति एकड़ किया है। साथ ही चने का औसत उत्पादन सीमा 5 क्विंटल से बढ़ाकर 6 क्विंटल प्रति एकड़ कर दिया है। इसके अलावा सूरजमुखी का उत्पादन सीमा 8 क्विंटल से बढ़ाकर 9 क्विंटल प्रति एकड़ और गर्मी में पैदा होने वाली मूंग की फसल का औसत उत्पादन सीमा बढ़ाते हुए 3 क्विंटल से 4 क्विंटल प्रति एकड़ किया है। मसूर का औसत उत्पादन जो अभी तक फिक्स नहीं था उसको प्रति एकड़ 4 क्विंटल तय किया गया है। सीएम का यह फैस्ला रबी विपणन सीजन 2025- 26 में प्रभावी रहेगा।



चने की औसत उत्पादन सीमा 5 क्विंटल से बढ़ाकर 6 क्विंटल प्रति एकड़ की

**किसान कर रहे थे मांग**

हरियाणा के किसान कई सालों से सरकार से ये मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 9 जनवरी को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पहुंच कर किसानों के साथ प्री बजट पर चर्चा की थी। इस दौरान कई किसानों ने अपनी अपनी समस्याएं बताई थीं, जिसके बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसानों को आश्वासन दिया था कि वह जल्द ही उनकी समस्याओं को दूर करेंगे। इसके अलावा सीएम ने यह भी कहा था कि वह बजट में किसानों के लिए विशेष पैकेज भी रखेंगे।

**पिता ने लगाया दुष्कर्म व आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने का आरोप**

## गन्नौर: नाबालिग लड़की वंदे भारत ट्रेन के आगे कूदी, मौत

**गन्नौर (हरिभूमि न्यूज)।** गन्नौर और भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन के बीच 17 वर्षीय नाबालिग लड़की ने वंदे भारत ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पिता ने गांव के दो युवकों और एक पुजारी पर दुष्कर्म व आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। शिकायत में मृतक के पिता ने बताया कि उसकी बेटी 12वीं कक्षा की छात्रा थी। पिछले कई दिनों से गांव का ही तुषार व कमल ने उसकी बेटी को अपने जाल में फंसा रखा था। 4 मार्च को तुषार व कमल उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ गांव के मंदिर में पुजारी मंजीत के पास ले गए। 5 मार्च को पुजारी मंजीत ने उन्हें फोन पर बताया कि उनकी बेटी ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली है। जीआरपी थाना के उप निरीक्षक महाबीर तोमर ने बताया कि आरोपित तुषार, कमल व मंजीत पर पाक्सो एक्ट, अपहरण व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपित तुषार को गिरफ्तार कर लिया है।



गांव के दो युवकों सहित एक मंदिर के पुजारी पर किया केस दर्ज, एक गिरफ्तार

**दिल्ली में महिला नक्सली पकड़ी, घरेलू सहायिका के रूप में कर रही थी काम**

**नई दिल्ली (भाषा)।** बाहरी दिल्ली के पीतमपुरा इलाके से झारखंड की रहने वाली एक महिला नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। वह राष्ट्रीय राजधानी में फर्जी पहचान बताकर रह रही थी और एक घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, 23 वर्षीय महिला नक्सली मूल रूप से पूर्वी राज्य के पश्चिमी सिंहभूम के कुदाबुरु गांव की रहने वाली है। वह पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के कई मामलों में वांछित थी। नक्सली के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**फर्जी पहचान के आधार पर रह रही**

## 14.2 किलो सोने के साथ कन्नड़ अभिनेत्री हवाई अड्डे से गिरफ्तार



कर्नाटक डीजीपी की सौतेली बेटी

सोना तस्करी करने का शक

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव के पास से 14.2 किलोग्राम सोने की छड़ें जब्त की गई हैं, जिनका अनुमानित मूल्य 12.56 करोड़ रुपये है। अभिनेत्री रान्या राव भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। उन्होंने बताया कि रामचंद्र राव वर्तमान में 'कर्नाटक स्टेट पुलिस हाउसिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड' के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के पद पर हैं। मामले में, कुल 17.29 करोड़ रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की गई, जिसमें 4.73 करोड़ रुपये मूल्य की अन्य चीजें भी शामिल हैं। डीआरआई अधिकारियों के अनुसार, 14.2 किग्रा सोने की यह खेप हाल के दिनों में बेंगलुरू हवाई अड्डे पर हुई सबसे बड़ी जब्तियों में से एक है।

## बोफोर्स घोटाला: सीबीआई ने अमेरिका को न्यायिक अनुरोध भेजा, मांगी जानकारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने बोफोर्स घोटाले का दावा करने वाले माइकल हर्शमैन से जुड़ी जानकारी अमेरिका से मांगी है। हर्शमैन 2017 में भारत दौरे पर आए थे। उन्होंने दावा किया था कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने घोटाले की जांच को पटरी से उतार दिया था। तब हर्शमैन ने सीबीआई के साथ बोफोर्स मामले से जुड़ी अहम जानकारी शेयर करने की इच्छा जाहिर की थी। बोफोर्स घोटाला साल 1986 का है, तब राजीव गांधी की सरकार थी। आरोप था कि स्वीडिश कंपनी एबी बोफोर्स ने सौदे के लिए भारतीय नेताओं और रक्षा मंत्रालय को 60 करोड़ रुपये की घूस दी थी।

**कहां हैं सबूत**



सीबीआई ने 8 साल पहले ही हर्शमैन के उन दावों से जुड़ी जानकारी इकट्ठा करना शुरू कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत सरकार ने उन्हें जांच करने की जिम्मेदारी दी है। हर्शमैन की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज या उनकी तरफ से सबमिट की गई किसी रिपोर्ट की डिटेल जब वित्त मंत्रालय से मांगी गई तो जांच एजेंसी को रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराए गए।

**हर्शमैन ने क्या किया था दावा**

फेयरफैक्स ग्रुप के चीफ हर्शमैन ने 2017 में कई इंटरव्यू में दावा किया था कि 1986 में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने विदेशों में भारतीयों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग की जांच करने का जिम्मा उन्हें सौंपा था। इसमें कुछ बोफोर्स सौदे से संबंधित थे।

**सीबीआई ने क्या किया**

कई सालों से जांच कर रही सीबीआई ने इंटरपोल से संपर्क किया। कई बार अनुरोध किया, कोई नतीजा नहीं निकला। 8 नवंबर, 2023, 21 दिसंबर, 2023, 13 मई, 2024 और 14 अगस्त, 2024 को अमेरिकी अधिकारियों को लेटर भेजा, जानकारी नहीं मिली।

**वेबीनार** पीएम मोदी ने नवोन्मेषण में निवेश करने का किया आह्वान

*अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए यह बहुत जरूरी, भारत की अर्थव्यवस्था एक दशक में 66 फीसदी बढ़ी*

## वह दिन दूर नहीं जब भारत 5000 डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा : मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने सभी हितधारकों से रोजगार सृजन के लिए कौशल विकास और नवोन्मेषण में निवेश करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए ऐसा करना जरूरी है। बजट के बाद आयोजित एक वेबिनार में मोदी ने कहा कि सरकार ने 2014 से तीन करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को उन्नत करने और पांच उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का फैसला भी किया गया है। मोदी ने कहा कि क्षमता निर्माण और प्रतिभा पोषण राष्ट्रीय विकास के लिए आधारशिला के रूप में कार्य करते हैं। विकास के अगले चरण में इन क्षेत्रों में अधिक निवेश जरूरी है।



**वर्तमान में 3,800 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था :** मोदी ने कहा कि सभी हितधारकों को आगे आना चाहिए, क्योंकि वे भारतीय अर्थव्यवस्था की सफलता की कुंजी हैं। प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था एक दशक (2015-2025) में 66 प्रतिशत बढ़ी है। भारत वर्तमान में 3,800 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है। मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और वह दिन दूर नहीं, जब देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगा।

**सही निवेश करने के महत्व पर दिया जोर**

उन्होंने अर्थव्यवस्था का विस्तार जारी रखने के लिए सही दिशा में सही निवेश करने के महत्व पर भी जोर दिया। मोदी ने कहा कि सरकार ने युवाओं को नए अवसर और व्यावहारिक कौशल देने के लिए 'पीएम इंटर्नशिप' योजना शुरू की है। उन्होंने कहा, ''हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर स्तर पर व्यवसाय इस योजना में सक्रिय रूप से भाग लें। इस साल के बजट में, हमने 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीट की घोषणा की है। अगले पांच साल में चिकित्सा क्षेत्र में 75,000 और सीट जोड़ने का लक्ष्य है।''

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में वित्तीय आपातकाल जैसे हालत : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव और सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा में वित्तीय आपातकाल जैसे हालत हैं क्योंकि प्रदेश पर सालाना कर्ज बढ़ता ही जा रहा है, अगर सरकार कर्ज कम करना चाहती है तो उसे वित्तीय प्रबंधन पर अधिक ध्यान देना होगा और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाने ही होंगे। सरकार रोजगार के जितने अवसर प्रदान करेगी उतना ही उसकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### 122 गांवों में जल आपूर्ति को आरईपीएल नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के 122 गांवों में नहर आधारित जल आपूर्ति योजना के लिए डीपीआर तैयार करने हेतु आरईपीएल को नियुक्त किया है। इस परियोजना का उद्देश्य जल आपूर्ति को 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन से बढ़ाकर 70 एलपीसीडी करना है।

### कर्मचारी चयन आयोग के लिंक अधिकारी नियुक्त

**चंडीगढ़।** सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सचिव की अनुपस्थिति में मानव संसाधन विभाग के महानिदेशक/निदेशक को लिंक अधिकारी-। जबकि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के ओएसडी को लिंक अधिकारी-।। नियुक्त किया है। सम्बन्धित अधिकारी अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे, चुनाव ड्यूटी पर जाने से पहले लिंक अधिकारी को सूचित करेंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है।

### सुरक्षा को लेकर विस अध्यक्ष ने अधिकरियों को दिए निर्देश

# बजट सत्र की तैयारी पूरी, चप्पे-चप्पे पर रहेगी सुरक्षा, मोबाइल पर बैन

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के बजट-सत्र को लेकर लगभग सारी तैयारी पूर्ण हो चुकी है। विस प्रशासन और अध्यक्ष ने आला-अफसरों से विचार मंथन के बाद में विशेष सुरक्षा को लेकर हरी झंडी दे दी है। विधानसभा की ओर से सत्र को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है, इस बार भी हमेशा की तरह से विस की सुरक्षा कारणों से मोबाइल लेकर जाने की इजाजत नहीं होगी। जानकारी अनुसार सात मार्च की सुबह 11 बजे से ही बजट सत्र की शुरुआत का वक्त संभावित कार्यक्रम में निर्धारित किया गया है। शुक्रवार की सुबह से शुरू होने वाली कार्यवाही में राज्यपाल के अभिभाषण, परंपरागत तरीके से स्वागत आदि की तैयारी कर ली गई है। सुरक्षा व्यवस्था, राज्यपाल के आगमन और जाने के वक्त की व्यवस्था आदि को लेकर रिहर्सल हो चुकी है। विस परिसर के चप्पे-चप्पे पर अभी से कड़ी सुरक्षा का पहरा लगा दिया गया है। बताया जा रहा है कि एहतियात के तौर पर इस बार सुरक्षा के विशेष बंदोबस्त किए गए हैं।

### पंजाब-हरियाणा की बैठक

हर बार की तरह से चंडीगढ़ में होने वाले सत्र को ध्यान में रखते हुए हरियाणा, पंजाब और केंद्र शासित चंडीगढ़ के आला अफसर लगातार संपर्क और बैठकों का दौर चला रहे हैं। इस बारे में सभी एक दूसरे के संपर्क में बने हुए हैं। इस बार हाई कोर्ट और वन क्षेत्र होने के कारण वन्य प्राणियों, मधुमक्खी, बंदरों अ्य को लेकर भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। संबंधित विभागों को भी सचेत रहने के लिए कहा गया है। पिछले दिनों सचिवालय में मधुमक्खियों के हमले और भवन पर लगे उनके छत्ता आदि पर नजर रखने व समय रहते कदम उठाने व कार्रवाई करने को कहा गया है। विस अध्यक्ष ने साफ कर दिया है कि वे लापरवाही करने पर अफसरों और कर्मियों को बख्शने वाले नहीं हैं।

### मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ की बैठक



### शिक्षा क्षेत्र पर किया जाएगा विशेष फोकस

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां प्रदेश के सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और शिक्षा क्षेत्र में किए जाने वाले सुधारों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025-26 के राज्य बजट में शिक्षा क्षेत्र पर विशेष फोकस किया जाएगा, जिससे प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। इसके लिए सभी कुलपतियों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी प्रावधानों को पूर्ण रूप से लागू किया जाए, ताकि सरकार हरियाणा को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बना सकें, जहां एआई और आधुनिक स्किल्स का प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

### फल सब्जियों पर शोध करें

नायब सिंह सैनी ने महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति से चर्चा करते हुए कहा कि आने वाला समय बागवानी फसलों का है और परंपरागत खेती की बजाय फसल विविधीकरण को अपनाने के लिए किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता है। गन्नौर में बन रही इंडिया इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केट के पहले चरण का जल्द उद्घाटन किया जाएगा।

### मिलकर बनाएं रूपरेखा

बैठक में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा के युवाओं में टैलेंट की कमी नहीं है और बच्चे हर क्षेत्र में प्रदेश व देश का नाम रौशन कर रहे हैं, लेकिन कई बार बच्चों को उचित अवसर न मिलने के कारण वे पीछे रह जाते हैं। इसलिए स्कूलों व कॉलेजों में लगाई जाने वाली एग्जीबिशन के दौरान विज्ञान, पर्यावरण व अन्य क्षेत्र से संबंधित बेहतरीन मॉडल बनाने वाले बच्चों को उचित मार्गदर्शन दें।

### एक दिन पहले होगी बीएसी की बैठक

एक दिन पहले बिजनेस एडवाइजरी की बैठक करने का फैसला भी लिया गया है। हरियाणा विस स्पीकर द्वारा इस समिति का गठन करने के साथ ही छह मार्च को शाम चार बजे बैठक का समय निर्धारित कर दिया है। कुल मिलाकर बृहस्पतिवार की शाम को साफ हो जाएगा कि सत्र कितना लंबा चलना है। पहले संभावित कार्यक्रम के अनुसार सभी कुछ रहेगा या फिर बदलाव होगा।

### ये बनाए बीएसी सदस्य कल्याण पदेन अध्यक्ष

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने 7 मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के लिए कार्य सलाहकार समिति (बीएसी) का गठन गत दिवस कर दिया है। विधानसभा अध्यक्ष समिति के पदेन अध्यक्ष होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह, ऊर्जा मंत्री अनिल विज, संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभागों के मंत्री कृष्ण कुमार, विधायक भूपेंद्र हुड्डा और गीता भुक्कल समिति की सदस्य होंगी। हरियाणा विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, विधायक सावित्री जिंदल और अर्जुन चौटाला को बतौर विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल किया है। 6 मार्च को शाम 4 बजे विधानसभा सचिवालय स्थित विस अध्यक्ष के कार्यालय में होगी।

# शिक्षा ही बदलाव का केंद्र : उपराष्ट्रपति

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सिरसा में चौधरी देवीलाल विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में शिरकत की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़े बदलाव का केंद्र है। युवा भय मुक्त हों और असफलता से न डरें, असफलता ही सफलता की कुंजी है। पहले प्रयास में अधिकांश लोग सफल नहीं होते हैं, उनको असफल मत कहिए। असफलता का डर भ्रामक है, सोच ऊंची रखिए और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करिए। उपराष्ट्रपति ने बुधवार को सिरसा के गांव ओढ़ां में माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान तथा सिरसा में जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़ का सिरसा आगमन पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा व ट्रस्ट के चेयरमैन पूर्व विधायक अभय सिंह चौटाला सहित अन्य गणमान्य ने स्वागत किया। उन्होंने गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की याद में बनने वाले स्मृति संग्रहालय की आधारशिला भी रखी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं. भ.द. शर्मा, यूएचएस, रोहतक | 21.03.2025 को आयोजित होने वाले अनुसंधान संगोष्ठी दिवस 2025 के दौरान फूड और कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। | 05.03.2025 12.03.2025 | 4000/- | www.uhsr.ac.in | 9416493738 general@uhsr.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32635/I/88/6 दि. 05.03.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जुलाना | मुख्य क्षेत्रों / गली (पुरानी अनाज मण्डी, मेन बाजार, दुर्गा मंदिर रोड, लजवाना चुंगी से करसोला रोड, हांसी रोड से स्टेडियम इत्यादि) में स्ट्रीट लाइट हेतु केबल इत्यादि बिछाना। | बंद होने की तिथि 11.03.2025 | 49.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7206353677 secmcjulana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32648/I/88/6 दि. 05.03.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एमसी भूमि महम की प्रीकास्ट चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य। | 04.03.2025 12.03.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etencers.hry.nic.in | 9992861958 secy-meham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32639/I/88/6 दि. 05.03.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हारट्रोन | पंचायत एवं विकास विभाग, हरियाणा की ओर से 4500 अदद एमएस ऑफिस 365 के दर अनुबंध के लिए पूर्ववर्ती निविदा सं. ई-निविदा/हार्ट/प्रोक./2024-25/11 (निविदा आईडी 2024_HBC_420596_1) के तहत प्राप्त किए गए पूर्व-बोली प्रश्नों के निगमन के पश्चात इन्डेंटिंग विभाग द्वारा प्रदान की गई विशिष्टियों के आधार पर निविदा पुनः जारी की जाएंगी। | 05.03.2025 19.03.2025 | 18 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 chhadwani.hartron@gmail.com |
| 2 | हारट्रोन | पंचायत एवं विकास विभाग, हरियाणा की ओर से 4500 अदद लैपटॉप सहित अतिरिक्त सॉफ्टवेयर के दर अनुबंध के लिए पूर्ववर्ती निविदा सं. ई-निविदा/हार्ट/प्रोक./2024-25/30 (निविदा आईडी 2024_HBC_420789_1) के तहत प्राप्त किए गए पूर्व-बोली प्रश्नों के निगमन के पश्चात इन्डेंटिंग विभाग द्वारा प्रदान की गई विशिष्टियों के आधार पर निविदा पुनः जारी की जाएंगी। | 05.03.2025 19.03.2025 | 47 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 chhadwani.hartron@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/80/32640/I/88/6 दि. 05.03.25


### दिल्ली में हुई हरियाणा कांग्रेस की अहम बैठक

# नेता प्रतिपक्ष के नाम पर फैसला नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा कांग्रेस की अहम बैठक दिल्ली में हुई। लेकिन हरियाणा विधायक दल के नेता का चुनाव नहीं हो सका है। विधायक ,कांग्रेस के नेताओं ने सांसदों ने अपनी बात कांग्रेस हाई कमान के नेताओं और प्रभारी के सामने रखी। बताया जा रहा है कि अब इसके बाद कोई भी अंतिम फैसला पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। हालांकि 6 मार्च को कांग्रेस विधायक दल की चंडीगढ़ में भी बैठक बुला ली गई है।

अब कांग्रेस विधायक दल नेता का फाइनल फैसला कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर छोड़ दिया गया है। अंबाला सीट से सांसद वरुण मुलाना ने उम्मीद जताई कि जल्द नाम आएगा सभी के सामने आ जाएगा। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद का कहना है कि आने वाले समय में सब एकजुट होकर संगठन निर्माण करेंगे। सीनियर ऑब्जर्व्स ने सीएलपी लीडर को लेकर रिपोर्ट सौंप रखी है। 2025 का साल पूरा संगठन को मजबूत करने के लिए है। 9 महीने का वक्त बचा है, निर्णय स्थानीय नेताओं से बात कर लेंगे। बैठक में यह भी कहा कि पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष ऐसा व्यक्ति हो, जो पार्टी का वफादार हो, किसी नेता विशेष का नहीं। कहा कि पिछड़ा वर्ग 50 फीसदी है, उनको भी मौका दिया जाना चाहिए। इसके अलावा पीसीसी के मामले में गैर जाट को तवज्जो देनी चाहिए।

### भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम आगे चल रहा


बताया जा रहा है कि अभी भी विधायक दल के नेता के तौर पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम आगे चल रहा है। इस क्रम में कल विधायक दल की बैठक चंडीगढ़ में बुलाई हैं । 7 मार्च से हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र शुरू होगा। इस बीच हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अजय सिंह यादव ने पार्टी से मांग उठाई है कि प्रदेश अध्यक्ष इस तरह का हो जो किसी भी बड़े नेता विशेष की हां में हां करने वाला ना हो। पार्टी की लाइन पर चले, पूरे कांग्रेस संगठन बनाने की मांग की। उन्होंने भाजपा का भी उदाहरण दिया।

### भाजपा संगठन पन्ना स्तर तक, हमारी प्रदेश कमेटी नहीं

हरियाणा कांग्रेस की स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में अजय सिंह यादव ने कई अन्य भी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि संगठन को लेकर हाई कमान के नेताओं के सामने बात रख दी है। संगठन को जल्दी से जल्दी बनाए जाने की मांग की है। भारतीय जनता पार्टी ने पन्ना स्तर तक अपना संगठन बना दिया है, लेकिन हमारे यहां तो जिला और प्रदेश स्तर की कमेटी ही नहीं है। ना ही ब्लॉक लेवल की कमेटी है। इसलिए इनका गठन जल्दी से जल्दी होना चाहिए।

# बजट से पहले विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण राज्यपाल से मिले, की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बजट सत्र शुरू होने से पहले बुधवार को प्रदेश के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनकी बजट सत्र की तैयारियों को लेकर राज्यपाल से चर्चा हुई। वर्ष के प्रथम सत्र के पहले दिन महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण होता है, इसको लेकर भी बात हुई। संविधान व संसदीय प्रणाली में राज्यपाल के अभिभाषण का विशेष महत्व है। इस क्षण को गरिमामय पूर्ण ढंग से भी देखा जाता है। विधान सभा अध्यक्ष ने बताया कि बजट सत्र से एक दिन पूर्व विधान सभा सचिवालय में शाम 3 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। इस बैठक के लिए सभी दलों को सूचना भेजी गई है। बैठक में सत्र की कार्यवाही, उत्पादकता बढ़ाने पर भी विचार होगा तथा अन्य विषयों पर भी चर्चा होगी। इसके लिए सत्र के दौरान सदन की गरिमा व अनुशासन बना रहे तथा जनहित के विषयों पर सार्थक चर्चा हो पाए।

### राशन सप्लाई समय पर तय करें अधिकारी : नागर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने आज यहां विभाग के उच्च अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक ली। नागर ने बैठक में अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को राशन तथा सरसों का तेल समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन डिपुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।


**जिला खादय एंव पूर्ति नियन्त्रक, रोहतक**

{वर्ष 2025-2026 हेतु पुनः परिवहन व श्रम बुलाई कार्य हेतु अनुबन्ध के लिए ई-निविदा सूचना}

Re-E-Tenders are invited as per Director Food, Civil Supplies and Consumer Affairs.
Haryana, Chandigarh direction vide Letter No. MP-1/3/2025/2663 & 2668 dated: 13.02.2025 for Transportation and Labour & Cartage Work in single stage two cover system ie. Fee/Pre-Qualification/Technical Bid and Financial Bid-BOQ on website https://etenders.hry.nic.in as per schedule given below:-

TENDER NOTICE:

| Sr. No. | NAME OF DEPARTMENT/BOARD/CORP/AUTH | NAME OF WORK/NOTICE/TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE (TIME) | WEBSITE OF THE DEPARTMENT/BOARD CORP.AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL | TENDER REE.NO/TENDER NO |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Department, Haryana | Transportation work | 06.03.2025 9:00 AM 11.03.2025 5:00 PM | https://ctenders.hry.nic.in https://haryanafood.gov.in | Varinder Singh, DFSC discrob@bry.nic.in | MTC |
| 2. | Food. Civil Supplies & Consumer Affairs Department, Haryana | Labour & Cartage work | 06.03.2025 9:00 AM 11.03.2025 5:00 PM | https://ctenders.hry.nic.in https://haryanafood.gov.in | Varinder Singh, DFSC discrob@bry.nic.in | MTC |

Note: For any assistance/query push contact button on website https://etenders.hry.nic.in

Sd/-(Varinder Singh)
District Food & Supplies Controller
Rohtak

पीआरडीएच 1042/11/61/2025/32643/88/6 दि. 05.03.2025


# हरियाणा ने 24 फसलों का एमएसपी दिया, पंजाब भी ध्यान दे: अनिल विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा , परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि ‘हरियाणा सरकार ने किसानों को 24 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी) दिया है, अब पंजाब से भी किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य मांग रहें है, इसलिए पंजाब सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। इसी प्रकार, विज ने कहा कि



कांग्रेस में लंबे समय से घमासान मचा है इसीलिए अभी तक वह अपने नेता का चयन नहीं कर पाए और वैसे भी राहुल गांधी का चैप्टर क्लोज हो गया है। इसी तरह, विज ने दिल्ली में कैग रिपोर्ट पर कहा कि कैग की रिपोर्ट को गंभीरता से लिया जाएगा और उस पर कार्रवाई भी की जाएगी। विज आज एक बार फिर कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे पर हल्ला बोलते हुए मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। पत्रकारों द्वारा राहुल गांधी आज कांग्रेस हरियाणा के लिए दिल्ली में बैठक कर रहे है, को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में अनिल विज ने कहा कि यह कांग्रेस के घर का मामला है।

### परीक्षा का इंतजार कर रहे युवाओं का इंतजार जल्द खत्म होगा

# इस बार शिक्षा बोर्ड या खुद आयोग करवाएगा सीईटी, चल रहा होमवर्क

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में सीईटी परीक्षा का इंतजार करने वाले युवाओं को राहत देने की दिशा में इस बार हरियाणा शिक्षा बोर्ड से अथवा खुद ही कर्मचारी चयन आयोग यह परीक्षा करने पर होमवर्क करने में जुटा है। बता दें कि हरियाणा सरकार ने ग्रुप सी और डी पदों की स्थायी भर्ती के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) अनिवार्य कर दिया है। सरकार ने जब से इसे अनिवार्य किया है, उस वक्त से मात्र एक बार यह परीक्षा हुई है। इस साल सीईटी का आयोजन कराने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के साथ बैठक भी कर ली है। इस दौरान सीएम ने सीईटी जल्द से जल्द कराने के लिए कहा था। जिसके बाद में लगातार देरी के कारण इसका आयोजन हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग और हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड से कराया जा सकता है। अब संभावना कम है कि नेशनल टेस्टिंग एनटीए इस बार सीईटी करा सकेगा। एनटीए से कराए जाने का विकल्प वैसे, तो खुला होने के दावे किए जा रहे हैं लेकिन इसकी संभावना कम है। इसकी मुख्य वजह है कि एनटीए पेपर कराता है, पिछले दिनों उनमें से पेपर लीक हुए थे। एनटीए का पूरा ध्यान खुद पहले से कराई जा रही परीक्षाओं पर बना है।

### कमीशन देखें सीईटी की अनुमानित तारीख



मुख्यमंत्री ने आयोग को एनटीए से सीईटी कराने बारे वे खुद केंद्र से भी बात करेंगे, लेकिन आयोग अपनी तैयारी करे। आयोग हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड से भी बात करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल शिक्षा बोर्ड से सीईटी की तैयारियों पर चर्चा कर जानकारी ली जाए और निर्देश दिए कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग अपनी भी तैयारी कर ले।सीईटी की तैयारियों को लेकर चेयरमैन ने पिछले दिनों परीक्षा केंद्रों बारे फील्ड रिपोर्ट मांग की है। आयोग के सदस्यों ने जिला उपायुक्तों के साथ और बाद में इन अफसरों ने जिला शिक्षा अधिकारियों से परीक्षा केंद्रों की पूरी अपडेट मांगी थी।

### पता लगाएं किस एजेंसी से सीईटी कराया जाए

बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तरफ से एचएसएससी को कहा गया था कि वे पता लगाएं कि किस एजेंसी से सीईटी कराया जाए। एनटीए से भी पूछा जाए और स्कूल शिक्षा बोर्ड से कराने पर विचार करें। एनटीए से सीईटी कराने के लिए केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार के बीच कोआर्डिनेशन करना होगा। इसके बाद, सीईटी कराने पर फैसला हो सकता है। खैर कुल मिलाकर आयोग चेयरमैन जल्द ही इस पर कोई फैसला लेने की बात कह रहे हैं।

### केंद्रों की डिटेल भेजी

परीक्षा केंद्रों की पूरी डिटेल भेजी जा चुकी है। इसके अलावा आयोग वन टाइम रजिस्ट्रेशन पोर्टल तैयार कर रखा है. जब सरकार हरी झंडी दिखाएगी, तो वन टाइम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। रजिस्ट्रेशन बंद होने के बाद जिस सीक्रेट एजेंसी से प्रश्न पत्र तैयार कराया जाना है, उसे पूरा डाटा भेजना होता है। सीक्रेट एजेंसी निर्धारित करना हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष के जिम्मे होता है। देखना होगा कि आयोग और सरकार कब तक सारी तैयारियां पूरी करते हैं।


**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दिव्या कोल्ड स्टोर एंड आइस फैक्टरी (कर्जदार), श्री नरेश कुमार (सह-कर्जदार), श्रीमती अंजलि सरदाना (सह-कर्जदार), श्री अनिल कुमार (सह-कर्जदार), श्री हरि आइस फैक्टरी एंड मिल्क चिलिंग फैक्टरी (सह-कर्जदार), LHSIR00001370572. | सम्पत्ति सं. 563, वार्ड नं. 4, ओल्ड डीएसपी रोड, गीता आईस फैक्टरी, फतेहाबाद निकट जवाहर चौक 125050. सीमाएं : उत्तर : रोड, दक्षिण : पी/ओ शिव दयाल, पूर्व : पी/ओ हाकिम सुन्दर दास, पश्चिम : पी/ओ हंस राज। /कब्जे की तिथि- 03 मार्च 25. | 10-04-2023 रु. 6,14,127/- | हिसार-बी |
| 2. | नरेश कुमार (कर्जदार), अंजलि सरदाना (सह-कर्जदार), आकांक्षा रानी (सह-कर्जदार), ईश कुमार (सह-कर्जदार), अनिल कुमार (सह-कर्जदार), उमा सरदाना (सह-कर्जदार), LHSIR00001298035. | प्लॉट नं. 1, मै. सोमा न्यू टाउन प्रा. लि. फतेहाबाद-125050. सीमाएं : उत्तर : प्लॉट नं. 2, दक्षिण : रोड और पार्क, पूर्व : रोड, पश्चिम : रोड। /कब्जे की तिथि- 03 मार्च 25. | 10-04-2023 रु. 1,70,47,974/- | हिसार-बी |
| 3. | नरेश कुमार (कर्जदार), ईश कुमार (सह-कर्जदार), अनिल कुमार (सह-कर्जदार), अंजलि सरदाना (सह-कर्जदार), आकांक्षा रानी (सह-कर्जदार), उमा सरदाना (सह-कर्जदार), LHSIR00001298044. | सम्पत्ति सं. 563, वार्ड नं. 4, ओल्ड डीएसपी रोड, गीता आईस फैक्टरी, फतेहाबाद निकट जवाहर चौक 125050. सीमाएं : उत्तर : रोड, दक्षिण : पी/ओ शिव दयाल, पूर्व : पी/ओ हाकिम सुन्दर दास, पश्चिम : पी/ओ हंस राज। /कब्जे की तिथि- 03 मार्च 25. | 10-04-2023 रु. 68,47,711/- | हिसार-बी |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 06 मार्च 2025
स्थान : फतेहाबाद

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड





# नकल पर पहरा, परीक्षा केंद्र के बाहर बैठी घोघड़ियां पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं और 12वीं की परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में नकल के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में उचाना क्षेत्र के घोघड़िया गांव की ग्राम पंचायत गांव के सरकारी स्कूल में बने परीक्षा सेंटर के बाहर स्वयं पहरेदारी कर रही है ताकि कोई भी परीक्षा सेंटर में नकल नहीं कर सके। पंचायत सदस्य परीक्षा के समय के दौरान स्कूल के बाहर मौजूद रहती है। अब तक घोघडियां के अलावा आसपास के गांवों बड़ौदा, रोजखेड़ा, कसूहन, कालता, बधाना, कुचराना कलां, कुचराना खुर्द, करसिंधू के सरकारी व प्राइवेट स्कूल के दसवीं और 12वीं के बच्चों का परीक्षा सेंटर छात्तर गांव में आता था। इन गांवों से 12 से 15 किलोमीटर की दूरी पर बने छात्तर गांव के परीक्षा केंद्र तक दसवीं, 12वीं के बच्चों को असुविधा होती थी। क्योंकि उन्हें वाहन का इंतजाम करना पड़ता और परीक्षा केंद्र तक पहुंचना पड़ता था। परीक्षा में बैठने वाले बच्चों के दिमाग पर सफर का असर भी पड़ता था। घोघड़ियां के सरपंच मनदीप उर्फ दीपक ने पंचों और ग्रामीणों के साथ बैठक कर के गांव में बोर्ड की परीक्षा के लिए परीक्षा सेंटर लाने के प्रयास शुरू किए। आखिरकार सरपंच के प्रयास सफल हुए और गांव में इस बार परीक्षा का सेंटर आ गया। हालांकि 1995 में घोघडियां में परीक्षा सेंटर होता था लेकिन जागरूकता के अभाव और नकल के मामले सामने आने के बाद यहां से परीक्षा सेंटर हट गया था। अब 30 साल बाद फिर से गांव में परीक्षा सेंटर स्थापित किया गया है। इस बार ग्रामीण पूरी तरह से अलर्ट हैं और नकल रोकने के लिए पहरेदारी कर रहे है।



जींद। घोघड़िया के राजकीय स्कूल के बाहर पहरा देते ग्रामीण।

### चारों तरफ पहरेदारी

घोघड़ियां गांव के सरपंच प्रतिनिधि दीपक बूरा ने बताया कि प्रशासन की तरफ से परीक्षा सेंटर पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं लेकिन ग्रामीणों ने सुरक्षा की एक लेयर को और बढ़ा दिया है। मुख्य गेट तथा इसके चारों कोनों पर बैठ कर सरपंच, पंच, मौजिज लोग पहरेदारी करते हैं। इससे नकल की संभावना नही बची है। जब तक परीक्षाएं चलेंगी, हर परीक्षा में ड्यूटी करेंगे।परीक्षा सेंटर के चीफ सुपरीटेंडेंट और हिंदी प्रवक्ता रविंद्र ने बताया कि प्रशासन के साथ-साथ ग्राम पंचायत की तरफ से उन्हें पूरा सहयोग मिल रहा है।

## बोर्ड ने तैनात किए नोडल अधिकारी

**भिवानी**। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने नकल पर अंकुश लगाने के लिए फुलप्रूफ व्यवस्था की है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं बोर्ड के सचिव डॉ. मुनीष नागपाल ने बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन को लेकर बोर्ड के उप सचिवों व सहायक सचिवों के साथ बैठक की और उन्हें व्यवस्था बारे विस्तार से दिशा-निर्देश जारी किए। डॉ. मुनीष नागपाल ने बताया कि बोर्ड प्रशासन द्वारा सभी जिलों में नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं और पल-पल की रिपोर्ट प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### ये अधिकारी होंगे नोडल अधिकारी

बैठक में बताया गया कि रोहतक जिला के लिए बोर्ड के उप सचिव ओपी निम्बिवाल, हिसार जिला के लिए उपसचिव जगदीश सैनी, कैथल जिला के लिए सहायक सचिव रणधीर सिंह, जींद के लिए रमेश जून, भिवानी के लिए संतोष नरवाल, चरखी दादरी के लिए सुनीता जाखड़, झज्जर के लिए हरीश कुमार, फरीदाबाद के लिए दिलीप कुमार, सोनीपत के लिए वीरेंद्र ढुल, रेवाड़ी के लिए कुलदीप रेड्डू, नूंह के लिए रामकुमार, पलवल के लिए अनिल जाखड़, सिरसा के लिए राजेश जांगड़ा, गुरुग्राम के लिए बहादुर सिंह वर्मा, कुरुक्षेत्र के लिए हरिराम, यमुनानगर के लिए शिवकुमार और पानीपत के लिए कृष्ण प्रताप सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## कुएं में गिरने से 30 वर्षीय महिला की मौत

**महेंद्रगढ़**। गांव पथरवा निवासी एक 30 वर्षीय विवाहिता की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतक विवाहिता के पति के बयान पर पुलिस ने मृतका का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक विवाहिता तीन-चार मार्च की रात्रि से घर से लापता थी। विवाहिता के पति ने सतनाली पुलिस थाने में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज करवाया हुआ था। मृतक विवाहिता के पति सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि तीन-चार मार्च की रात्रि को उसकी पत्नी सोनम कुमारी घर से बगैर बताए कहीं चली गई थी। इस संबंध में उसने थाना सतनाली में मुकदमा भी दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी की पिछले कई दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उन्होंने अपनी पत्नी की तलाश की तो खेत के पास में महिपाल के कुएं में उसकी पत्नी गिरी हुई दिखाई दी। इसके बाद उसने ग्रामीणों की मदद से उसको कुएं से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कुएं में गिरी है।

## महिला सरपंच के आरोपों के बाद बीडीपीओ निलंबित

- मंगलवार देर रात सीएम से मिला था प्रतिनिधिमंडल
- बीडीपीओ ने आरोपों को गलत बताया

**कुरुक्षेत्र**। शाहाबाद के गांव यारा की महिला सरपंच द्वारा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी पर लगाए गए आरोपों के बाद ब्लॉक के सरपंचों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार देर रात चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला और शिकायत दी। जिसके बाद देर रात अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करते सस्पेंड के आर्डर जारी हुए। उधर, सस्पेंड के आर्डर मिलने के बाद बुधवार सुबह बीडीपीओ ने मीडिया से रूबरू होकर सरपंच और सरपंच पति द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को झूठा बताया। अधिकारी नरेंद्र ढुल ने कहा कि सरकार और प्रशासन को शिकायत मिलने के बाद जांच करनी चाहिए थी और उनका पक्ष भी लेना चाहिए था। उसके बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए थी। उधर, देर रात मुख्यमंत्री से मिल कर आए सरपंचो ने बुधवार को शाहाबाद विश्रामगृह में बैठक कर मांग की कि आरोपी अधिकारी के खिलाफ पुलिस भी मामला दर्ज कर कार्रवाई करे। सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सुखदीप मोहड़ी ने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन इस मामले में ढिलाई बरतेगा, तो सरपंच कोई भी कठोर निर्णय ले सकते हैं। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा कि सरपंच महिला के पास सबूत है, जिसके बाद ही अधिकारी पर कार्रवाई की गई है।

## वाहन ने बाइक सवार भाइयों को कुचला, मौके पर ही मौत

- पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज किया

**जींद**। नरवाना खंड के गांव झील के पास मंगलवार रात को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। बुधवार को पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कैथल जिले के गांव कनौदा निवासी बंटी (28) अपने चचेरे भाई राजकुमार (26) के साथ गांव झील में अपनी ससुराल आया हुआ था। दोनों मंगलवार रात को अपनी बाइक से वापस गांव की तरफ लौट रहे थे। गांव झील के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना का बुधवार सुबह उस समय पता चला जब लोगों ने सड़क किनारे बाइक पड़ी देखी और घटना की सूचना पुलिस को दी।

## केंद्रीय विवि में होगी दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से पढ़ाई

- तीन पाठ्यक्रमों को डीईबी व यूजीसी ने दी मंजूरी

**महेंद्रगढ़**। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में ओपन डिस्टेंस लर्निंग पहल के अंतर्गत नए डिस्टेंस एजुकेशन प्रोग्राम आरंभ कर रहा है। विश्वविद्यालय में एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, एमए हिंदी व एमकॉम तीन पाठ्यक्रम को डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने ओपन डिस्टेंस प्रोग्राम के तहत मंजूरी प्राप्त हो चुकी है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इन पाठ्यक्रमों की शुरूआत विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन के नए विकल्पों का विकास करेगी। कुलपति ने कहा कि इन पाठ्यक्रम की शुरूआत से दक्षिणी हरियाणा व इससे सटे राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि संसद के अधिनियम के अंतर्गत 2009 में स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पहला विश्वविद्यालय है, जिसे डीईबी यूजीसी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दूरस्थ पाठ्यक्रमों के संचालन की मान्यता मिली है। कुलपति ने बताया कि डिस्टेंस एजुकेशन कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार तैयार किए गए हैं। ये सभी कार्यक्रम सेमेस्टर आधार पर उपलब्ध हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के निदेशक प्रो. सिंगारा सिंह ने बताया कि सभी उपलब्ध पाठ्यक्रम के लिए सेल्फ लर्निंग मेटिरियल विश्वविद्यालय के शिक्षकों व अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा तीनों पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इन पाठ्यक्रमों में नामांकन की अंतिम तिथि 31 मार्च है।




# भारत में 2024 में करोड़पतियों की संख्या बढ़कर हुई छह प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक रियल एस्टेट परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक ने कहा है कि एक करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्ति वाले उच्च नेटवर्थ भारतीयों की संख्या पिछले साल छह प्रतिशत बढ़कर 85,698 हो गई। नाइट फ्रैंक ने बुधवार को अपनी 'द वेल्थ रिपोर्ट-2025' जारी की।

■ भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़कर 191 हुई

इसमें अनुमान लगाया गया है कि भारत में उच्च नेटवर्थ वालों (एचएनडब्ल्यूआई) की संख्या बढ़कर 2024 में 85,698 होने का अनुमान है जबकि पिछले साल यह 80,686 थी। परामर्श कंपनी ने कहा कि 2028 तक यह संख्या बढ़कर 93,753 पर पहुंचने की उम्मीद है।

## रियल एस्टेट परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक ने जारी की रिपोर्ट

### उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही

नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, ''भारत में बढ़ती संपत्ति इसकी आर्थिक मजबूती और दीर्घकालीन वृद्धि क्षमता को दर्शाती है। देश में बढ़ती उद्यमशीलता, वैश्विक एकीकरण और उभरते उद्योगों के साथ उच्च नेटवर्थ मूल्य वाले व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है।'




### संपत्ति सृजन में भारत का प्रभाव होगा मजबूत

बैजल ने कहा कि न केवल संख्या बढ़ रही है बल्कि भारत के इस वर्ग की उभरती निवेश प्राथमिकताओं में भी यह देखा जा रहा है, जो रियल एस्टेट से लेकर वैश्विक इक्विटी तक परिसंपत्ति वर्गों में विविधता ला रहे हैं। बैजल ने कहा, ''आने वाले दशक में वैश्विक संपत्ति सृजन में भारत का प्रभाव और मजबूत होगा।''

### अरबपतियों की संपत्ति 950 अरब डॉलर आंकी

भारतीय अरबपतियों की संयुक्त संपत्ति 950 अरब डॉलर आंकी गई है, जो अमेरिका (5,700 अरब डॉलर) और चीन (1,340 अरब डॉलर) के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है।

### देश में बढ़ रही अमीरों की संख्या

इससे पता चलता है कि भारत में अमीरों की संख्या बढ़ रही है। उच्च नेटवर्थ वाले लोगों की बढ़ती संख्या देश की मजबूत दीर्घकालीन आर्थिक वृद्धि, बढ़ते निवेश अवसरों और विकसित हो रहे लक्जरी बाजार को दर्शाती है। यह भारत को वैश्विक धन सृजन में एक प्रमुख देश के रूप में स्थापित करती है।

### 2019 में सिर्फ सात अरबपति थे


भारत में अरबपतियों की आबादी में भी 2024 में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि हुई है। परामर्श कंपनी ने कहा, ''भारत में अब 191 अरबपति हैं। इनमें से 26 पिछले साल ही इस श्रेणी में शामिल हुए हैं। जबकि 2019 में यह संख्या सिर्फ सात थी।''

## खबर संक्षेप

### हिंदुस्तान जिंक 30% महिला कर्मियों का लक्ष्य हासिल करेगा

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने बुधवार को कहा कि वह 2030 तक 30 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व हासिल करने की राह पर है। इस समय हिंदुस्तान जिंक में 25 प्रतिशत से अधिक महिला कार्यबल हैं। उद्योगों में लैंगिक विविधता के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

### चीन ने आर्थिक वृद्धि लक्ष्य पांच फीसदी किया तय



**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध और अन्य प्रतिकूलताओं के बावजूद 2025 के लिए अपना आर्थिक वृद्धि लक्ष्य लगभग पांच प्रतिशत तय किया है। चीन की विधायिका की वार्षिक बैठक नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के उद्घाटन सत्र में प्रीमियर ली कियांग ने बुधवार को एक रिपोर्ट पेश की, जिसमें जीडीपी वृद्धि के लक्ष्य की घोषणा की गई।

### विपुल ऑर्गेनिक्स राइट इश्यू से जुटाएगी राशि

**नई दिल्ली।** विशेष उपयोग वाले रसायन बनाने वाली कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स ने बुधवार को राइट्स इश्यू के जरिये 20.41 करोड़ रुपये जुटाने की योजना की घोषणा की। सूचना के मुताबिक, राइट्स इश्यू के तहत शेयर 1:3 के अनुपात में आवंटित किए जाएंगे। राइट्स इश्यू के तहत आवंटित किए जाने वाले शेयरों के लिए 46 रुपये प्रति शेयर की कीमत तय की गई है। इसकी रिकॉर्ड तिथि 10 मार्च तय की गई है और यह निर्गम 21 मार्च को खुलेगा।

# सोना 300 रुपए चढ़ा, चांदी में 1,000 रुपए का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 300 रुपये बढ़कर 89,300 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को सोने का भाव 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 20 फरवरी को सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में तेजी जारी रही, लगातार तीसरे दिन भी बढ़त जारी रही, क्योंकि सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की मांग और कमजोर डॉलर ने सोने को समर्थन दिया। गांधी ने कहा कि इसके अलावा, अमेरिकी शुल्क के कार्यान्वयन और कनाडा और चीन द्वारा जवाबी कार्रवाई से व्यापार युद्ध और वैश्विक



■ सोना बढ़कर 89,300 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी 99,000 रुपए प्रति किलोग्राम

आर्थिक सुस्ती के बढ़ने की संभावना बढ़ गई है - ऐसी स्थिति में सुरक्षा के लिए सोने की मांग बढ़ गई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रही। इसका भाव 300 रुपये बढ़कर 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

इसका पिछला बंद भाव 88,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत भी मंगलवार के बंद स्तर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,000 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### वैश्विक आंकड़ों पर नजर

चैनवाला ने यह भी कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बारे में जानकारी के लिए व्यापारी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं से सेवा पीएमआई आंकड़ों और अमेरिकी निजी पेरोल आंकड़ों पर नजर रख रहे हैं।

# स्मार्ट बाजार ने 5 दिवसीय महिला दिवस समारोह की शुरुआत की

**मुंबई** । इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, स्मार्ट बाज़ार अपने स्टोर पर पाँच दिनों की मज़ेदार गतिविधियों, खरीदारी और शानदार ऑफ़र के साथ समारोह को और भी शानदार बना रहा है। यह समारोह बुधवार 5 मार्च से शुरू होकर 9 मार्च, रविवार तक चलेगा, जिसमें हर दिन रोमांचक कार्यक्रम, सेलिब्रिटी कार्यक्रम और पूरे भारत में 900 से ज़्यादा स्मार्ट बाज़ार स्टोर पर ब्लॉकबस्टर ऑफ़र और डील्स होंगी। यह पहले कभी न देखा गया उत्सव है। आप मास्टरक्लास में शामिल हो सकते हैं जहाँ आप कुछ नया सीख सकते हैं, अपने दोस्तों के साथ खेलने के लिए मज़ेदार गेम खेल सकते हैं या बस सभी बेहतरीन

■ भारत में 900 से ज़्यादा स्मार्ट बाज़ार स्टोर पर ब्लॉकबस्टर ऑफ़र और डील्स होंगी।

ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही, चुनिंदा स्टोर और टॉप आरजे में कुछ शीर्ष प्रभावशाली लोगों से मिलें। सौदे को और भी बेहतर बनाने के लिए शीर्ष ऑफ़र का लाभ उठाएँ। महिलाओं के कपड़ों की रेंज पर 2 खरीदें 1 मुफ़्त पाएँ और क्लोविया और ज़िवामे जैसे शीर्ष ब्रांड की ब्रा पर 1 खरीदें 2 मुफ़्त पाएँ के साथ अपने वॉर्डरोब को नया रूप दें। क्या आप सौंदर्य पाना चाहते हैं? सौंदर्य प्रसाधन पर 1 खरीदें और 1 मुफ़्त पाएं, फेस क्रीम और फेस वॉश पर 50 प्रतिशत की छूट। हेयर ड्रायर और स्ट्रेटनर के साथ अपने स्टाइलिंग गेम को अपग्रेड करें, जिसकी शुरुआती कीमत सिर्फ़ रु. 599 है! खरीदारी का मज़ा यहीं नहीं रुकता। महिलाओं के हॉर्लिक्स पर रु. 160 की छूट, स्टेफ्री ड्राई मैक्स 42s सैनिटरी नैपकिन पर रु. 230 की छूट और सोफ़ी एंटी बैक्टीरिया एक्सएल 48 एक्सएल +44 सैनिटरी पैड पर रु. 65 की छूट पाएँ। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने दोस्तों के साथ स्मार्ट बाज़ार में जाएँ और पाँच दिनों तक खरीदारी, मनोरंजन और शानदार बचत का मज़ा लें। क्योंकि आपको खुद को सेलिब्रेट करने के लिए किसी वजह की ज़रूरत नहीं है। 5 से 9 मार्च तक स्मार्ट बाज़ार में हमारे साथ जुड़ें।

## कलाकृतियां, बढ़िया शराब और रंगीन हीरे की कीमतों में गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जुनून की हद तक लोकप्रिय शीर्ष 10 निवेश श्रेणियों के तहत आने वाली कलाकृतियों की कीमतों में बीते साल अधिकतम 18.3 प्रतिशत तक की गिरावट आई।


वैश्विक संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इस श्रेणी में शराब और दुर्लभ व्हिस्की की दरों में नौ प्रतिशत की कमी हुई। नाइट फ्रैंक ने बुधवार को अपनी 'द वेल्थ रिपोर्ट-2025' में यह जानकारी दी। संपत्ति सलाहकार ने बयान में कहा कि नाइट फ्रैंक लक्जरी निवेश सूचकांक जुनून की हद तक लोकप्रिय 10 निवेश विकल्पों के प्रदर्शन की निगरानी करता है। रिपोर्ट में बताया गया कि इन 10 वस्तुओं में केवल पांच की कीमतों में 2024 के दौरान वृद्धि हुई। इस श्रेणी में हैंडबैग ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, जिसकी कीमतें 2024 में 2.8 प्रतिशत बढ़ीं। नाइट फ्रैंक ने कहा, ''सबसे कमजोर प्रदर्शन कलाकृतियों, वाइन और व्हिस्की का रहा।

# जोरदार खरीदारी से सेंसेक्स ने लगाई 740 अंक की छलांग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को जोरदार तेजी आई और दोनों मानक सूचकांक लंबी छलांग लगा गए। बीएसई सेंसेक्स जहां 740 अंक चढ़ गया, वहीं एनएसई निफ्टी में 10 दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा।

निचले स्तर पर बिजली और अन्य शेयरों में लिवाली से बाजार में रौनक लौटी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 740.30 अंक यानी 1.01 प्रतिशत चढ़कर 73,730.23 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 943.87 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 254.65 अंक की बढ़त के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। छोटी कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई समॉलकैप सूचकांक 2.80 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 2.66 प्रतिशत के लाभ में रहा। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का



■ निफ्टी में 10 दिन की गिरावट पर विराम

■ निचले स्तर पर बिजली और अन्य शेयरों में रही लिवाली

बाजार पूंजीकरण 7,97,247.7 करोड़ रुपये बढ़कर 3,93,04,041.75 करोड़ रुपये पहुंच गया।

### वैश्विक बाजारों में रही मजबूती

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''वैश्विक बाजारों में मजबूत संकेतों के साथ घरेलू सूचकांकों में तेजी आई। इसका कारण यह संकेत है कि वैश्विक व्यापार तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन कुछ शुल्क दरों को वापस ले सकता है। इससे धारणा मजबूत हुई।''

## अंबुजा सीमेंट को ओरिएंट के अधिग्रहण की मंजूरी

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने सीके बिड़ला समूह की कंपनी ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड में बहुलांश हिस्सेदारी का 8,100 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने के अंबुजा सीमेंट्स के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स देशभर में 22 एकीकृत सीमेंट संयंत्रों के साथ 10 बल्क सीमेंट टर्मिनल और 21 ग्राइंडिंग इकाइयों का संचालन करती है।

# अदाणी विल्मर लिमिटेड करेगी जीडी फूड्स का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनी अदाणी विल्मर लिमिटेड ने कहा कि वह टॉप्स ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी जीडी फूड्स मैन्युफैक्चरिंग का अधिग्रहण करेगी। फॉर्च्यून ब्रांड के तहत खाद्य तेल और अन्य खाद्य उत्पादों की बिक्री करने वाली अदाणी विल्मर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने जीडी फूड्स मैन्युफैक्चरिंग (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण करने के लिए एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अधिग्रहण कई किस्तों में पूरा किया जाएगा। इसमें 80 प्रतिशत शेयर पहली किस्त में जबकि शेष 20 प्रतिशत शेयर अगले तीन साल में हासिल किए जाएंगे। वित्त वर्ष 2023-24 में जीडी फूड्स ने 386 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया था




# डुकाटी अगले साल भारत में लाएगी मोटोक्रॉस बाइक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इटली की सुपरबाइक विनिर्माता डुकाटी की भारतीय बाजार में अपना पोर्टफोलियो बढ़ाने के लिए अगले साल अपनी मोटोक्रॉस बाइक को उतारने की योजना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मोटोक्रॉस बाइक मुख्य रूप से खराब रास्तों से होकर गुजरने वाली हल्के वजन की मोटरसाइकिल होती हैं। इनका इस्तेमाल खराब रास्तों से होकर गुजरने वाली प्रतियोगिता में किया जाता है। डुकाटी की भारतीय बाजार के लिए मौजूदा उत्पादों के उन्नत संस्करणों के अलावा कई नए उत्पादों को पेश करने की तैयारी है।



डुकाटी इंडिया के प्रबंध निदेशक बिपुल चंद्रा ने कहा कि कंपनी स्कैम्बलर, मल्टीस्ट्राडा के अलावा अन्य मॉडल के नए संस्करणों को आने वाले समय में पेश करेगी। चंद्रा ने कहा, वर्ष 2026 में हम देखेंगे कि कंपनी मोटोक्रॉस बाइक भी भारत में लेकर आएगी। हमने पहले ही वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा में भाग लेना शुरू कर दिया है, और हमने उन्हें जीतना शुरू कर दिया है। इसलिए हम इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं। यह एक नया खंड है, जिसमें हम उतरेंगे।

**नया पैनिगेल वी4 मॉडल पेश किया:** डुकाटी ने बुधवार को भारतीय बाजार में बिल्कुल नया 2025 पैनिगेल वी4 मॉडल को पेश किया। इस मॉडल के दो संस्करण- वी4 और वी4 एस की शुरुआती कीमत क्रमशः 29.99 लाख रुपये और 35.6 लाख रुपये है। चंद्रा ने कहा कि बाजार में उच्च प्रदर्शन वाली मोटरसाइकिल की मांग पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है और कंपनी रेसट्रैक पर सुपरबाइक खंड में सर्वश्रेष्ठ अनुभव करने के लिए उत्सुक सवारों के एक भावुक और विकसित समुदाय को देख रही है।

# नई वोल्वो एक्ससी90 भारत में 1.03 करोड़ रुपए में हुई लांच

## नए डिजाइन और अपडेटेड फीचर्स के साथ टॉप क्लास लग्जरी का मजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लग्जरी कार और एसयूवी बनाने वाली पॉपुलर स्वीडिश कंपनी वोल्वो ने भारतीय बाजार में अपनी नई एक्ससी90 एसयूवी लांच कर दी है और इसकी शुरुआती कीमत करीब 1.03 करोड़ रुपए है। यह नया मॉडल बेहतर टेक्नॉलजी, नए डिजाइन और अडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स से लैस है। वोल्वो की नई एक्ससी90 लग्जरी एसयूवी सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित करने का दावा करती है। इसके लुक और डिजाइन की बात करें तो एक्सटीरियर में नई ग्रिल, नया फ्रंट बंपर, नए फेंडर, 20 इंच के अलॉय व्हील, नई हेडलाइट्स और टेललाइट्स और मलबेरी रेड जैसे कलर विकल्प दिए गए हैं।

■ एसयूवी अनजाने में लेन से बाहर जाने का पता लगा सकती है

### इंटीरियल जबरदस्त

नई वोल्वो एक्ससी90 के नए इंटीरियर में मॉडर्न स्कैंडिनेवियाई डिजाइन दिखता है। इसमें एक हॉरिजॉन्टल डैशबोर्ड है, जिसमें प्रीमियम रिसाइकल्ड मटीरियल का इस्तेमाल किया गया है। नए वर्टिकल एयर वेंट्स और बेहतर एंबिएंट लाइटिंग इसके इंटीरियर को काफी जबरदस्त बनाते हैं। नई एक्ससी90 में नया 11.2 इंच का सेंट्रल टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जिसमें बेहतर रेजॉल्यूशन और अपडेटेड यूजर इंटरफेस है। बाकी इसमें बेहतर साउंड इन्सुलेशन, अपग्रेडेड स्टीयरिंग व्हील और बेहतर वायरलेस फोन चार्जर भी शामिल हैं।

चिकित्सा

बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

पूर्व रेलवे
संशोधनी सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या: जेएमपी-इलेक्ट-66-2024, दिनांक: 04.03.2025। उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा "बढ़ते हुए वैगन पीओएच लक्ष्यों को पूरा करने के लिए घटक निर्माण के लिए बीएसटी शॉप के क्रमोन्नयन के संबंध में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था और विद्युतीय वायरिंग" कार्य के लिए ई-निविदा सूचना संख्या: जेएमपी-इलेक्ट-66-2024, दिनांक 24.01.2025 के मार्फ़त ई-निविदा आमंत्रित की जाती है तथा संशोधनी सूचना संख्या: जेएमपी-इलेक्ट-66-2024, दिनांक 24.02.2025 के मार्फ़त "निविदा बंद होने की तारीख एवं समय" को 04.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक बढ़ा दिया गया था। अब, इस स्तर पर, निविदा बंद होने की तारीख एवं समय फिर से 10.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक बढ़ाया जा रहा है। बोलीदाता सिर्फ विस्तारित बंद होने की तारीख और समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ जमा कर सकेंगे। और, अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। बोलीदाताओं को ऑनलाइन बोली लगाने के नियमों और विनियमों तथा पद्धति के विवरण के लिए www.ireps.gov.in देखने की सलाह दी जाती है।
(MISC-364/2024-25)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
(UNDER GUARDIAN AND WARD ACT)
IN THE COURT OF
Ms. Guneet Arora
Civil Judge (Senior Division), Karnal
Swati Sharma alias Santosh
Vs.
General Public
CNR No. HRKR02-000596-2025
Next Date : 28.03.2025
GW/10/2025
PUBLICATION ISSUED TO :-
General Public
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 28.03.2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Sd/- Civil Judge (Senior Division), Karnal
Dated, this day of 01.03.2025

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Madhulika
Civil Judge (Senior Division), Hisar
PUNJAB NATIONAL BANK
Vs.
HAPINDER @ HAPPY
CNR No. HRHS02-000272-2023
Next Date : 28.03.2025
Suit for recovery of Rs. 550888.78/- consisting of Principal sum, interest ans other charges due as on 30.09.2022 along with further charges incurred or th be incurred with agreed rate of interest at 9.90 percent along with 2 percent penal interest with effect from 01.10.2022 till actual realization, by the sate of properties of the defendant, on the basis of evidence of all kinds documentary as well as oral.
PUBLICATION ISSUED TO :-
Hapinder @ Happy son of Prem Kumar 548/20, Roop Nagar Colony, Near Nirankari Bhawan. Hansi, Distt. Hisar Prop. M/s Saksham Institute of Computer
2nd Address Shiv Kripa Services Opp. Gate No. 2 New Sabzi Mandi, Mill gate road, Hisar
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 28.03.2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Hisar
Sd/- Civil Judge (Senior Division), Hisar
Dated, this day of 04.03.2025

## राशिफल

**मेष** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5798




■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -5797 का हल





**टेस्ट और टी20 में देते रहेंगे योगदान**

# स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास, चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद हुए निराश

एजेंसी ▶▶| दुबई

आस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान और मुख्य बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद बुधवार को एक दिवसीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया लेकिन वह टेस्ट और टी20 खेलते रहेंगे। चोटिल पैट कमिंस की गैर मौजूदगी में कप्तानी करने वाले पैंतीस बरस के स्मिथ ने सेमीफाइनल मैच में 96 गेंद में 73 रन बनाए। उन्होंने अपने साथी खिलाड़ियों को भारत से चार विकेट से मिली हार के बाद अपने फैसले से अवगत करा दिया था।

स्मिथ ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह दूसरों के लिए रास्ता बनाने का सही समय है। यह शानदार सफर रहा और मैने हर पल का मजा लिया। हमने अद्भुत समय देखा और कई सुखद यादें हैं। इतने बेहतरीन साथियों के साथ दो विश्व कप जीतना शानदार था।'



### 12 वनडे शतक

लेग स्पिन हरफनमौला के तौर पर 2010 में पदार्पण के बाद स्मिथ ने आस्ट्रेलिया के लिए 170 वनडे में 43.28 की औसत से 12 शतक समेत 5800 रन बनाए।

### दो बार के विश्व चैंपियन

आस्ट्रेलिया की 2015 और 2023 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे स्मिथ 2015 और 2021 में आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें 2015 में आईसीसी वर्ष की पुरुष वनडे टीम में चुना गया था। वह 2015 में कप्तान बने थे और आखिरी मैच में भी उन्होंने कप्तानी की।

### टेस्ट क्रिकेट प्राथमिकता

स्मिथ ने कहा, 'अब लोगों के लिए विश्व कप 2027 की तैयारी शुरू करने का मौका है लिहाजा मुझे लगा कि दूसरों के लिए रास्ता बनाने का सही समय है। टेस्ट क्रिकेट प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को लेकर उत्साहित हूं। इसके बाद वेस्टइंडीज और इंग्लैंड से खेलना है। मुझे लगता है कि अभी भी योगदान दे सकता हूं।'

# दिग्गज खिलाड़ी शरत कमल ने टेबल टेनिस को कहा अलविदा

- 25 मार्च से खेलेंगे अंतिम विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर टूर्नामेंट
- राष्ट्रमंडल खेलों में जीते सात स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने बुधवार को घोषणा की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्लूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।

विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा। 42 वर्ष के शरत कमल ने कहा, 'मैने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा।'शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में सात स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि एशियाई खेलों में दो कांस्य अपने नाम किए। उन्होंने पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेला था जिसमें वह उद्घाटन समारोह में भारत के संयुक्त ध्वजवाहक थे। अपने दो दशक लंबे करियर का अंत करने वाले इस दिग्गज ने कहा, 'मैने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं।

ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका। उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिए अपना सपना पूरा कर सकूंगा।' शरत वर्तमान में भारतीय ओलंपिक संघ के एथलीट आयोग के उपाध्यक्ष हैं।दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी शरत अब भी आईटीटीएफ तालिका में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय हैं।

### यह बड़ी टेबल पर खेलने का अंत

शरत ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक लंबा संदेश पोस्ट किया। चेन्नई के इस टेबल टेनिस खिलाड़ी ने उस समय को याद किया जब उन्होंने दो साल की उम्र में पहली बार रैकेट पकड़ा था, तब वह भी नहीं जानते थे कि यह उनका सबसे लंबे समय तक चलने वाला साथी बन जाएगा। शरत ने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं पूरी तरह से खेल छोड़ रहा हूं। लेकिन निश्चित रूप से यह दर्शकों की भीड़ के सामने बड़ी टेबल पर खेलने का अंत है। अपने 'बंदाना' और 'रैकेट' को थोड़ा आराम देने का समय है। इस खेल ने मुझे जो खुशी, प्यार, दर्द, सबक दिया है उसके लिए आभारी हूं। हर छोटी चीज हमेशा मेरे साथ रहेगी। यह कल्पना करना कठिन है कि जब मैं टेबल टेनिस नहीं खेल रहा हूंगा तो जीवन कैसा होगा। लेकिन ऐसा होगा ही।'

## खबर संक्षेप



### प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा ने शैंकलैंड से ड्रॉ खेला

**प्राग।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और अराविंद चिदंबरम प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में छठे दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने ड्रॉ पर रोका जबकि अराविंद ने वियतनाम के कुआंग लीम ली के साथ अंक बांटे। अब उनके छह में से चार अंक हैं। टूर्नामेंट में पहली बार आज सारे मुकाबले ड्रॉ पर छूटे। चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि, नीदरलैंड के अनीश गिरि, जर्मनी के विंसेंट केमेर और कुआंग लीग तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं। उनसे आधा अंक पीछे चेक गणराज्य के एंगुयेन थाइ दाइ वान और डेविड नवारा, तुर्किए के गुरेल एडिज और शैंकलैंड हैं। तीन दौर अभी बाकी हैं और अगले दो में प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलना है जबकि अराविंद को एक ही मुकाबला सफेद मोहरों से खेलना है। सातवें दौर में प्रज्ञानानंदा का सामना वेइ यि से जबकि अराविंद की टक्कर अनीश से होगी।

### कोनोली के शॉट्स चयन से खफा हीली



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व महान विकेटकीपर इयान हीली ने कूपर कोनोली के तकनीकी कौशल पर सवाल उठाया है। हीली ने कहा, 'मैं बहुत नाराज हूं। ट्रेविस हेड उसे इशारा कर रहा था कि विकेट कितना धीमा है। ऐसी पिच पर आपको जगहें तलाशनी होती है, चौकों का इंतजार नहीं करना होता। वह नौ गेंद खेल गया और एक भी रन नहीं बनाया। पहली आठ गेंदों पर चूका और नौवीं पर विकेट ही दे बैठा। कोनोली ने फुटवर्क दिखाया ही नहीं और शॉट्स भी बहुत खराब थे। वह गेंद को देख ही नहीं रहा था। वह गेंद की लाइन पकड़ ही नहीं पाया।'

### लय वापिस पाने की कोशिश कर रहा हूं



**दुबई।** मोहम्मद शमी ने स्वीकार किया कि भारत के अकेले प्रमुख तेज गेंदबाज होने के नाते उन पर काफी जिम्मेदारी है लेकिन वह अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की जरुरतों पर खरे उतर सकें। चोट से उबरकर वापसी करने वाले शमी ने चोटिल जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान हर्षित राणा या हार्दिक पंड्या के साथ नई गेंद संभाली। राणा अभी नए हैं और पंड्या हरफनमौला है जो आम तौर पर वनडे मैच में दस ओवर नहीं डालते। शमी ने अभी तक टूर्नामेंट में आठ विकेट लिए हैं।

**न्यूजीलैंड का 362 का विशाल स्कोर, अफ्रीका 312 ही बना सकी, मिलर का शतक**

# रविंद्र, विलियमसन और सेंटनर ने न्यूजीलैंड को फाइनल में पहुंचाया, भारत से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| लहौर

सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र और केन विलियमसन के शतक के बाद कप्तान मिचेल सेंटनर के फिरकी के जादू से न्यूजीलैंड ने आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उसकी भिड़ंत भारत से होगी। न्यूजीलैंड के 363 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सेंटनर (43 रन पर तीन विकेट) और ग्लेन फिलिप्स (27 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम डेविड मिलर (नाबाद 100 रन, 67 गेंद, 10 चौके, चार छक्के) के शतक और रेसी वान डेर डुसेन (69) तथा कप्तान तेंबा बावुमा (56) के अर्धशतक के बावजूद नौ विकेट पर 312 रन ही बना सकी। वान डेर डुसेन और बावुमा ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी भी की। न्यूजीलैंड ने इससे पहले रविंद्र (108 रन, 101 गेंद, 13 चौके, एक छक्का) और विलियमसन (102 रन, 94 गेंद, 10 चौके, दो छक्के) के शतक और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 164 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 362 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर है।



### केन के हुए चार शतक

केन विलियमन एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक वनडे शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इस लिस्ट में टॉप पर संयुक्त रूप से नाथन एस्टल और रॉस टेलर हैं। केवल सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और डेविड वार्नर के पास दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अधिक वनडे शतक (प्रत्येक 5) हैं।

### सबसे तेज 19,000 रन

| पारी | खिलाड़ी | देश |
|---|---|---|
| 399 | विराट कोहली | भारत |
| 432 | सचिन तेंदुलकर | भारत |
| 433 | ब्रायन लारा | वेस्टइंडीज |
| 440 | केन विलियमसन | न्यूजीलैंड |
| 444 | जो रूट | इंग्लैंड |
| 444 | रिकी पोंटिंग | आस्ट्रेलिया |

### न्यूजीलैंड के 5 शतक

2025 संस्करण में न्यूजीलैंड के 5 बल्लेबाज शतक लगा चुके हैं। यह भी अपने आप में खास रिकॉर्ड है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में विल यंग और टॉम लाथम ने शतक लगाया था। बांग्लादेश के खिलाफ रचिन रवींद्र ने 112 रन बनाए थे। अब सेमीफाइनल में रचिन और केन ने सेंचुरी लगाई।

### रचिन रवींद्र ने जड़ा रिकॉर्ड शतक

न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ नॉकआउट मैच में शतक जड़कर इतिहास रच दिया। वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के एक संस्करण में एक से ज्यादा शतक जड़ने वाले पहले कीवी बल्लेबाज बने हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में रचिन रवींद्र ने 108 रन की पारी खेली। रचिन ने विलियमसन के साथ मिलकर दूसरे विकेट लिए रिकॉर्ड 164 रन की साझेदारी की। रचिन और विलियमसन के बीच 164 रन की साझेदारी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है, जो 2004 में द ओवल में यूएसए के खिलाफ नाथन एस्टल और स्कॉट स्टायरिस के बीच 163 रन की साझेदारी को पीछे छोड़ा।



### एक संस्करण में शतक

| शतक | खिलाड़ी | सत्र |
|---|---|---|
| 3 | क्रिस गेल | 2006 |
| 2 | सौरव गांगुली | 2000 |
| 2 | सईद अनवर | 2000 |
| 2 | हर्शल गिब्स | 2002 |
| 2 | उपुल थरंगा | 2006 |
| 2 | शेन वॉटसन | 2009 |
| 2 | शिखर धवन | 2013 |
| 2 | रचिन रवींद्र | 2025 |

### चैलेंज लीग...



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के वीवाईबीके स्टेडियम में बुधवार को गुरबानोव याज्गिलिच, सफेद पोशाक में, भारत के ईस्ट बंगाल एफसी और तुर्कमेनिस्तान के एफसी अर्काडाग के बीच एएफसी चैलेंज लीग 2024-25 फुटबॉल मैच के दौरान गोल करने के लिए शॉट लेते हुए।

**वनडे रैंकिंग**

## चौथे स्थान पर पहुंचे कोहली अक्षर-शमी को भी फायदा



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रन की विजयी पारी के बाद बुधवार को बल्लेबाजों की आईसीसी वनडे रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए।

कोहली को जहां फायदा हुआ, वहीं कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंच गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन भी एक पायदान के लाभ से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। भारत के उप कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर हैं। अन्य भारतीयों में स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी क्रमशः ऑलराउंडर और गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार करते हुए आगे बढ़े हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा ऑलराउंडर रैंकिंग में पटेल करियर के सर्वोच्च 194 रेटिंग अंकों के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक आठ विकेट लेने वाले शमी इस बीच तीन पायदान ऊपर चढ़कर 609 रेटिंग अंकों के साथ गेंदबाजी रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### बेखौफ क्रिकेट खेलने से टी20 में सफलता मिली



**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू टी20 में मिली सफलता का श्रेय शांत रहते हुए बेखौफ क्रिकेट खेलने को दिया। रहाणे ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पिछले सत्र में 164.56 की स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाए जिसमें पांच अर्धशतक शामिल थे। रहाणे ने कहा, 'मैं हमेशा पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने की सोचता था। पिछले दो तीन साल से हालांकि मैने आजादी के साथ बेखौफ क्रिकेट खेलने पर जोर दिया।'

### अभी तक परफेक्ट खेल नहीं दिखाया



**दुबई।** आसानी से संतुष्ट नहीं होने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहुंचने के बावजूद उनकी टीम ने अभी तक 'परफेक्ट खेल' नहीं दिखाया है और उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में यह देखने को मिलेगा। भारत ने पहले सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया। गंभीर ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कहते कि पूरी तरह से परफेक्ट खेल दिखाया। अभी तक हमने परफेक्ट प्रदर्शन नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा।'

## भारत करेगा एशियाई योगासन चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है।

एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है। हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इस आयोजन के माध्यम से योगासन की उपयोगिता खेल के संदर्भ में समझ सकेंगे। योगासन में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जीवन को बदलने की शक्ति भी है।'




### यूपी वारियर्स का मुंबई के खिलाफ मैच आज



**लखनऊ।** खराब फॉर्म से जूझ रही यूपी वारियर्स को महिला प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। लगातार दो मैच हार चुकी यूपी वारियर्स की प्लेआफ में पहुंचने की उम्मीदें इसी मैच पर टिकी है। उसे इकाना स्टेडियम पर पिछले मैच में गुजरात जाइंट्स ने बड़े अंतर से हराया। 81 रन से मिली हार ने उन्हें तालिका में सबसे नीचे धकेल दिया और रनरेट भी गिरा दिया। अब दो ही मैच बचे हैं और उन्हें लगातार तीसरी हार से बचना होगा।

**16 रन से 52वें वनडे शतक से चूके 36 वर्षीय विराट**

# नई ऊंचाइयों को छूने को तत्पर हैं किंग कोहली

एजेंसी ▶▶| दुबई

मैदान पर हर प्रतिद्वंद्वी के साथ साथ पिछले कुछ अर्से से चली आ रही अपनी निजी कमजोरियों को भी चैंपियंस ट्रॉफी में मीलों पीछे छोड़ देने वाले विराट कोहली क्रिकेट की रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम कई बार दर्ज कराने के बाद भी नई ऊंचाइयों को छूने को आतुर लग रहे हैं।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में अगर वह शतक से 16 रन से चूके नहीं होते तो यह उनका 52वां वनडे शतक होता। वैसे उन्हें मायूसी नहीं होगी क्योंकि उन्होंने इस पारी से कई उपलब्धियां हासिल की है। पहली तो यह कि लंबे समय से स्पिनरों ने उन्हें परेशान कर रखा था जिससे वह उबर गए हैं। दूसरी उनका अर्धशतक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ था जिसने अतीत में कई बार भारत का दिल तोड़ा है। यह चमत्कार हालांकि रातोंरात नहीं हुआ है बल्कि इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत है।



### सर्वश्रेष्ठ चेसमास्टर

आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा, 'वह लक्ष्य का पीछा करने वाला सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। हमारे खिलाफ वह कई बार ऐसा कर चुका है। वह अपनी ताकत पर खेलकर मैच को आखिर तक ले जाता है।'

### हालात के अनुकूल ढलने में माहिर

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कोहली की तारीफ करते हुए कहा, 'वह वनडे क्रिकेट में जबर्दस्त खिलाड़ी है। उसे पता है कि पहले बल्लेबाजी करने या लक्ष्य का पीछा करते हुए कैसे रणनीति बनानी है। वह हालात के अनुकूल तेजी से ढल जाता है और यही वजह है कि आला दर्जे के खिलाड़ी और अनुभव क्यों महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि वनडे क्रिकेट में उसका इतना जबर्दस्त रिकॉर्ड है। उम्मीद है कि वह भविष्य में भी ऐसे ही खेलते रहेगा।'

### एक एक रन दे रहे थे सबसे ज्यादा खुशी

छत्तीस वर्ष के कोहली ने लक्ष्य का पीछा करते हुए जीते हुए 106 मैचों में 5999 रन बनाए हैं। लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने 166 मैचों में 8063 रन बनाए जो सचिन तेंदुलकर के बाद सबसे ज्यादा है।कोहली ने कल कहा था, 'मेरी टाइमिंग और पिच पर रवैया यही था कि हड़बड़ी नहीं करनी है। जितने एक एक रन मैने लिए हैं, वह मुझे सबसे ज्यादा खुशी दे रहे हैं। यह खेल दबाव के बारे में है। आपको जज्बात पर काबू पाना होता है। जब रनरेट छह रन प्रति ओवर था, मैं तब भी विचलित नहीं हुआ।'

## चिंतन

# श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी 70% तक बढ़े

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह में भारत के श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी पर विमर्श महत्वपूर्ण है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि विकसित भारत के लिए 2047 तक कार्यबल में 70 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। दरअसल, उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सेवा क्षेत्र में महिलाओं पर सम्मेलन आयोजित किया है, जिसमें केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा ने श्रमबल में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। देश में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें महिलाओं की भागीदारी की काफी संभावनाएं हैं। महिला उद्यमियों और स्टार्टअप के लिए उद्यम पूंजी सहायता बढ़ाने के उपाय भी जरूरी है। श्रमबल में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए शिक्षा, कौशल शिक्षा, उद्यम के लिए अवसर आदि क्षेत्र में काम करने होंगे। महिला श्रमबल को उचित शिक्षा के साथ रोजगार उन्मुख स्किल प्रशिक्षण देना होगा, जो उद्यमी बनना चाहती हैं, उन्हें पूंजी से लेकर बाजार तक के माहौल क्रिएट करने की आवश्यकता है। महिला उद्यमियों के लिए उद्यम पूंजी सहायता बहुत आवश्यक है। महिलाओं को नेतृत्व और निर्णय लेने वाली भूमिकाओं के लिए मार्गदर्शन दिया जाना भी जरूरी है। सेवा क्षेत्र में महिलाओं के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिसमें ऐसे पूर्वाग्रह हो सकते हैं जो उन्हें कार्यबल में प्रवेश करने से रोकते हैं। नेतृत्व की भूमिकाओं में भी वेतन असमानताएं हैं, नौकरी की सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं और घरेलू व पेशेवर जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने की चुनौती है। लगभग 45 प्रतिशत महिलाएं बच्चों की देखभाल और घरेलू प्रतिबद्धताओं को कार्यबल में भाग न लेने का कारण बताती हैं। लेकिन पिछले छह साल में आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। शिक्षित महिलाओं के कार्यबल में शामिल होने की प्रवृत्ति बढ़ रही है और वेतन असमानता को लेकर कुछ चुनौतियों के बावजूद उनकी आय में भी लगातार वृद्धि हो रही है। आज हम महिलाओं को सेवा क्षेत्र, प्रौद्योगिकी, वित्त और विनिर्माण क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देखते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले छह वर्षों में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए 2017-18 में 22 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40.3 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह महिलाओं के लिए श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) में भी इस दौरान वृद्धि हुई है। महिलाओं के लिए श्रमबल भागीदारी दर 23 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 42 प्रतिशत हो गई है, पर जरूरत 70 फीसदी पर ले जाने की है। स्नातकोत्तर स्तर और उससे ऊपर की शिक्षा प्राप्त कुल महिलाओं में से 40 प्रतिशत 2023-24 में काम कर रही थीं, जबकि छह साल पहले यह आंकड़ा लगभग 35 प्रतिशत था। टेक सेक्टर में महिलाओं के लिए अनेक अवसर हैं। वास्तविक लैंगिक समानता के लिए प्रौद्योगिकी में समानता सुनिश्चित करने की तत्काल जरूरत है। महिला सशक्तिकरण की आधारशिला के रूप में डिजिटल समानता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दुनिया भर में 133 एआई प्रणालियों में से 44 फीसदी एआई प्रणालियां लिंग-समावेशी नहीं हैं। डिजिटल युग में उपभोक्ता व्यवहार, विशेषकर महिलाओं पर इसके प्रभाव का गहन अध्ययन किया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर एआई पेशेवरों में केवल 22 फीसदी महिलाएं हैं, तथा नेतृत्व की भूमिकाओं में केवल 17 प्रतिशत महिलाएं हैं। विकसित भारज लक्ष्य के लिए शिक्षा के साथ श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी को उच्च स्तर पर लाया जाना चाहिए।

## अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह



# शेयर बाजार में जल्द ही तेजी आने के आसार

अठाईस फरवरी को सेंसेक्स और निफ्टी दोनों के क्रैश करने के बाद भी शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी है। 3 मार्च को सेंसेक्स 112 अंक लुढ़का, जबकि निफ्टी 50.5 अंक। 4 मार्च को भी सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट दर्ज की गई,जबकि 5 मार्च को सुबह में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में तेजी देखी गई। चूंकि, सेंसेक्स में पिछले 5 महीनों से गिरावट दर्ज की जा रही है और निफ्टी में भी 1996 के बाद यानी 29 सालों के बाद पिछले कुछ दिनों से लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। लिहाजा, छोटे निवेशकों में घबराहट की स्थिति बनी हुई है। उनके मन में यह आशंका घर कर गई है कि शेयर बाजार में उनका पैसा सुरक्षित नहीं है और बाजार का बुरा दौर अभी जारी रहेगा। शेयर बाजार में देसी, विदेशी संस्थागत निवेशक, व्यक्तिगत विदेशी निवेशक आदि सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं।

दोनों ही सूचकांक बेहद ही संवेदनशील हैं। जब सूचीबद्ध कंपनियों में से किसी खास कंपनी के शेयर की लगातार बिकवाली की जाती है तो उक्त कंपनी पर से निवेशकों का भरोसा कम हो जाता है और उस कंपनी के शेयरों की कीमत कम हो जाती है, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ता है। शेयरों की कीमत में उतार-चढ़ाव आने के कई कारण होते हैं। जैसे, कंपनी का ख़राब वित्तीय प्रदर्शन या फिर कंपनी का किसी विवाद में पड़ना, राजनीतिक अस्थिरता, सरकार की नीतियां, डॉलर के मुक़ाबले रुपये का कमजोर होना, वैश्विक अनिश्चितता, कारोबारी युद्ध की आशंका, भू-राजनैतिक संकट, अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा अपनाई गई नीतियां आदि। सेबी शेयर बाजार का नियामक है, लेकिन सेबी की उपस्थिति के बावजूद इसमें कृत्रिम रूप से गिरावट लाने और फिर उसे उठाने के कुछ मामले देखे गये हैं। ऐसा कुछ खास लोगों को फ़ायदा पहुंचाने के लिए किया जाता है,जिसमें सबसे अधिक नुकसान छोटे निवेशकों को होता है। बाजार में गड़बड़ी को भांपने के लिए सतर्क रहने और बाजार को समझने की जरूरत है। शेयर बाजार की चाल पर लगातार नज़र रखकर संभावित नुकसान से बचा जा सकता है। यह जरूरी है कि शेयर बाजार में निवेश को जीवनयापन का जरिया बनाने की कोशिश नहीं की जाये और अत्यधिक लालच से बचा जाये। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक बड़ी राशि निवेश कर रखी है। 28 फरवरी को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 11,639 करोड़ रुपये की बिकवाली की, जबकि इस साल 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की है। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 28 फरवरी को लगभग 8 लाख 88 हजार करोड़ रुपये की बिकवाली की। इनके अलावा, शेयरों का अधिक मूल्यांकन होना और मनोवैज्ञानिक कारण भी शेयर बाजार के क्रैश के महत्वपूर्ण कारक हैं।

दरअसल, भारत में भेड़चाल की परंपरा है। कुछ लोगों को बिकवाली करते हुए देखने के बाद दूसरे लोग भी उनका अनुकरण करने लगे। ऐसा इसलिए लग रहा है, क्योंकि 28 फरवरी को आईटी, टेलीकॉम, स्वास्थ्य, बैंकिंग, एफएमसीजी आदि सभी क्षेत्रों के शेयरों में बिकवाली दर्ज की गई है। इसलिए,बाजार के साथ छेड़छाड़ की गुंजाइश प्रतीत नहीं हो रही है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई है, जो दूसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत (संशोधित अनुमान) रही थी। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि विकास की रफ्तार में तेजी आ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने से बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिलेगी और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे और जब सस्ती दर पर उधार मिलेगा तो आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आयेगी और खपत बढ़ेगी साथ ही साथ आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। बजट में सरकार ने साफ तौर पर बता दिया है कि उसका मकसद विकास को गति देना है। दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर के 6.2 प्रतिशत रहने से विकास की गति में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है। साथ ही, विकास दर में और भी इजाफा लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में कटौती की है। जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तो शेयर बाजार में बिकवाली की गुंजाइश कम होगी और निवेशकों को अपने निवेश पर आकर्षक प्रतिफल मिलना संभव सकेगा। इसलिए,निवेशकों को घबराने की कतई जरूरत नहीं है, उन्हें सिर्फ बेवजह बिकवाली से बचने की आवश्यकता है।

(लेखक एसबीआई गांधीनगर में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हिन्दी विरोध के पीछे वोट बैंक की राजनीति



## विश्लेषण

अखिलेश आर्येन्दु

तमिलनाडु में हिन्दी विरोध वहां की राजनीति के खास मुद्दों में एक रहा है। यह विरोध आजादी के बाद से ही आंदोलन के रूप में लगातार चलता आया है। एक बार फिर हिंदी विरोध को राज्य की अवाम के हितों के खिलाफ बताकर राज्य सरकार आने वाले चुनाव में एक मुद्दे के रूप में देख रही है। जो नया विवाद हिंदी को लेकर राज्य सरकार पैदा कर रही है वह नई शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर है। केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता में तमिलनाडु में कटौती का संकेत दिया है, जिसे तमिलनाडु सरकार ब्लैकमेलिंग के रूप में देख रही है। जाहिर तौर पर तमिलनाडु सरकार ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर राज्य के हित के खिलाफ हिंदी विरोध से सीधे-सीधे जोड़ दिया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन भाषाओं की नीति है, जिसमें उस राज्य की भाषा, अंग्रेजी और एक अन्य भारतीय भाषा का अध्ययन शामिल है। हालांकि इस नीति में साफ तौर पर यह नहीं कहा गया है कि तीसरी भाषा हिंदी ही होनी चाहिए बल्कि यह कोई भी भारतीय भाषा हो सकती है। इसके बावजूद, तमिलनाडु सरकार इसे एक तरह से हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में देख रही है। तमिलनाडु में हिंदी विरोध वहां की राजनीति के तमाम खास मुद्दों में एक रहा है। यह विरोध आजादी के बाद से ही आंदोलन के रूप में लगातार चलता आया है। एक बार फिर हिंदी विरोध को राज्य की अवाम के हितों के खिलाफ बताकर राज्य सरकार आने वाले चुनाव में एक मुद्दे के रूप में देख रही है। जो नया विवाद हिंदी को लेकर राज्य सरकार पैदा कर रही है वह नई शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर है। केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता में तमिलनाडु में कटौती का संकेत दिया है, जिसे तमिलनाडु सरकार ब्लैकमेलिंग के रूप में देख रही है। जाहिर तौर पर तमिलनाडु सरकार ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर राज्य के हित के खिलाफ हिंदी विरोध से सीधे-सीधे जोड़ दिया है। इससे लगातार विवाद बढ़ रहा है। वैश्वीकरण के युग में मातृभाषा के अलावा ज्यादा से ज्यादा भाषा सीखने की जरूरत बताई जाती है। फिर हिंदी भारत में अस्सी प्रतिशत से ज्यादा लोगों की भाषा है। ऐसे में तमिलनाडु के लोगों के लिए हिंदी सीखना कैसे उनके हितों पर कुठाराघात है। यह स्टालिन ने साफ नहीं किया है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने जिस तरह की हिंदी विरोध में टिप्पणी की है उससे हिंदी को लेकर राज्य में नया विवाद खड़ा कर दिया है। स्टालिन का कहना है कि तमिलनाडु के विद्यालयों में तीसरी भाषा फार्मूले के तहत हिंदी थोपी नहीं जाएगी। उनकी हिंदी विरोधी इस टिप्पणी में कोई नई बात नहीं है। जाहिर तौर पर तमिलनाडु की राजनीति हिंदी विरोध को लेकर दशकों से चलती रही है। कभी-कभी तो हिंदी की खिलाफत करते-करते देश की खिलाफत भी हुई है। जिससे देशभर में तीखी प्रतिक्रियाएं भी हुई हैं लेकिन हिंदी विरोध तमिलनाडु की राजनीति में सबसे खास मुद्दों के रूप में राजनीतिक दल भुनाने का कार्य करते रहे हैं। वहां चुनाव जीतने का यह सबसे वजनदार मुद्दा रहा है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी अपना पैर फैला रही है, जिसे स्टालिन अपने शासन के लिए चुनौती के रूप में देख रहे हैं। हिंदी भारत की राजभाषा है। केंद्रीय कार्यालयों में अंग्रेजी के साथ इसका प्रयोग अनिवार्य है। राज्य के स्कूलों में तमिल के साथ अंग्रेजी का इस्तेमाल भाषा माध्यम के रूप में होता है लेकिन हिंदी का नहीं हो सकता। स्टालिन हिंदी थोपने की बात केंद्र सरकार की भाषा नीति से असहमत या विरोध के रूप में चर्चा का विषय बनाना चाह रहे हैं। वे इसे इस तरह पेश कर रहे हैं जैसे तमिलनाडु के बच्चों के साथ केंद्र सरकार बहुत बड़ा अनर्थ करने वाली है। स्टालिन यह भूल जाते हैं कि भारत विविधताओं वाला देश है। सभी राज्य अपनी आंचलिक भाषा को राज्य में लागू करने के लिए पूरी तरह आजाद हैं। राजीव गांधी सरकार ने तीन भाषा का जो केंद्रीय शिक्षा नीति का फार्मूला लागू किया था, वह तमिलनाडु में आज तक लागू नहीं किया गया। इसके बचाव में दुहाई यह दी जाती है कि इससे राज्य के बच्चों पर अनावश्यक मानसिक बोझ बढ़ेगा, जो उनके विकास में बाधा पैदा



करने का काम करेगा। राज्य सरकारों ने जनमानस को हिंदी विरोध के नाम पर राज्य में कई बार विकट हालात पैदा किये हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि बगैर सोचे-समझे प्रदेश की अवाम हिंदी के खिलाफ आंदोलन के साथ आ गया। धीरे-धीरे यहां के लोगों की मानसिकता यह बन गयी कि तमिलनाडु में हिंदी शिक्षा का माध्यम या हिंदी सीखना उनके विकास में रुकावट पैदा करती है, क्योंकि इससे तमिलों का अहित होगा। तमिलनाडु सरकार यह भूल जाती है कि हिंदी ने किसी आंचलिक भाषा का इतने वर्षों में अहित नहीं किया बल्कि उसे विकास की धारा में अधिक प्रासंगिक बनाने का ही कार्य किया है। हिंदी देश के जितने भूभाग में बोली, समझी और लिखी जाती है वहां उससे हर किसी का विकास, प्रगति और हित ही हुआ है। हिंदी भाषा के रूप में हमेशा राष्ट्रीय एकता का सूत्रधार बनने का ही कार्य किया है। पूरे देश में जिस राज्य में वहां की प्रथम राजकीय भाषा नहीं है, वहां भी हिंदी ने एकता की माला में आंचलिक भाषा या बोली के साथ बड़ी बहन की तरह अपना कर्तव्य निभाने का कार्य किया है। ऐसे में तमिलनाडु में हिंदी वहां के आम आदमी और छात्रों के लिए बोझ या सिर दर्द कैसे बन जाएगी? इस सवाल का कोई तर्कसंगत जवाब तमिलनाडु सरकार के पास नहीं है। राज्य सरकार हिंदी के स्वभाव, गुण, संस्कृति और सूत्रधार व बेहतर एकता निभाने के गुण को बगैर किसी तथ्य या तर्क से नकारती रही हैं, वही इस बार भी हो रहा है। राज्य सरकार हमेशा यह भूल करती आई है कि हिंदी राज्य में तीसरी भाषा के रूप में लागू होने से तमिलनाडुवासियों को उत्तर, पश्चिम और पूर्व भारत के लोगों से बेहतर संवाद करने में सुविधा हो जाएगी। एक तरह से देखा जाए तो भाषा के नाम पर राज्य सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। इस तथ्य और सच को भला कौन नकार सकता है कि हिंदी ही सारे देश के लोगों को संवाद की भाषा के रूप में एक सूत्र में जोड़ सकती है, क्योंकि देश में इसके बोलने, लिखने और समझने वाले लोग सबसे ज्यादा है। हिंदी 'अनेकता में एकता' का सबसे बड़ी सूत्रधार है। तमिलनाडु के अलावा देश अन्य सभी भाषा भाषी लोग बहुत रुचि से हिंदी सीखते और बोलते हैं। पिछले कुछ सालों से प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल-हिंदी संगम जैसे आयोजनों का बढ़ावा देकर हिंदी तमिल संस्कृति को मैत्री की माला में जोड़ने का कार्य किया किया। इससे हिंदी विरोध में कमी आई लेकिन स्टालिन ने मोदी के इस कोशिश को शुरू से ही पलीता लगाने का कार्य तो कभी, सनातन के खिलाफ टिप्पणी कर तो कभी हिंदू संस्कृति के खिलाफ बोलकर सारे देश में कुचर्चित हुए। केंद्र सरकार चाहती है कि तमिल का आम आदमी उत्तर भारत के आम आदमी से भाषा-संस्कृति की एकता के सूत्र में बधे। दोनों एक दूसरे की संस्कृति, साहित्य और कला को समझें और उत्तर भारत का व्यक्ति तमिल सीखकर तमिलनाडु की पुरातन संस्कृति और कला को समझे और अपनाए। मोदी की इस मैत्री वाली पहल से मुख्यमंत्री स्टालिन को क्या अपना वोट बैंक खिसकने का डर सता रहा है, इसलिए एक बार फिर आम लोगों को भड़काने के लिए जबरन हिंदी थोपने जैसी भड़काऊ टिप्पणी करते फिर रहे हैं। स्टालिन का यह कहना भी कितना बड़ा झूठ है कि हिंदी ने न जाने कितनी भाषाओं को निगल लिया है। स्टालिन यह समझाने में असफल रहे हैं कि हिंदी से तमिलनाडुवासियों का किस तरह विकास अवरुद्ध होगा और अंग्रेजी के जरिए ही उनका विकास हो सकता है। शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी और तमिल दो हैं, इससे क्या बच्चों पर अंग्रेजी सीखने की दोहरी मार नहीं होती। वोट बैंक के मद्देनजर या आने वाले वक्त में सत्ता छिनने के डर से यदि यह भाषाई विरोध की आग फिर धधकाई जा रही है तो इससे न तो तमिलवासियों का कोई हित होने वाला है, न उन बच्चों का जो हिंदी सीखकर उत्तर भारत में बेहतर नौकरी के अवसर को पा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित

## दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

# सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित

## प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### सेमेस्टर सिस्टम कर सकता है सपनों को पूरा

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2026 से 10वीं की परीक्षा पैटर्न में कुछ बदलाव करने जा रहा है। नि:संदेह हमारे शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों के भले के लिए ही सुधारात्मक कदम उठाने की सिफारिश की होगी। जब हम अपने समय के पाठ्यक्रम और परीक्षा प्रणाली की तुलना आज के समय से करते हैं तो अनुभव करते हैं कि विद्यार्थी विज्ञान और गणित जैसे अंडरस्टैंडिंग आधारित विषयों में पिछड़ रहे हैं। आज विद्यार्थियों की न तो इंग्लिश में पकड़ है और न ही हिंदी भाषा में। कई प्रदेशों में तो विद्यार्थी अपनी मातृ भाषा में भी पास नहीं हो रहे हैं। इसलिए बोर्ड परीक्षा के 'उच्च दबाव' को समाप्त करने के लिए दो बार परीक्षाओं का प्रावधान होगा, 'सर्वश्रेष्ठ दो प्रयासों में से सर्वश्रेष्ठ' के चुनाव की छूट भी होगी। – *विवेक सोनी, गरियाबंद*

## करंट अफेयर


# एआई डीपफेक लोगों की पहचान के लिए खतरा



आपकी आवाज की कीमत कितनी है? यह लगभग 100 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर जितनी हो सकती है। हाल ही में एबीसी न्यूज वेरिफाई ने संघीय सीनेटर जैकी लैम्बी की आवाज की उनकी अनुमति लेकर क्लोनिंग की और इसपर इतनी ही राशि खर्च की और इसके लिए आसानी से सुलभ एक ऑनलाइन मंच का इस्तेमाल किया। यह उदाहरण यह रेखांकित करता है कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ऐप्स, जो डीपफेक या वॉयस क्लोनिंग के रूप में किसी व्यक्ति की छवि और/या आवाज की कृत्रिम प्रतिकृति बनाते हैं, सस्ते और उपयोग में आसान होते जा रहे हैं। इससे न केवल लोकतंत्र की कार्यप्रणाली (विशेषकर चुनावों के समय) को गंभीर खतरा पैदा होता है, बल्कि व्यक्ति की पहचान को भी खतरा होता है। ऑस्ट्रेलिया में अगर किसी व्यक्ति की छवि या आवाज को उनकी अनुमति के बिना डिजिटल रूप से क्लोन किया जाता है तो उनकी सुरक्षा के लिए कानून अपर्याप्त है। ऐसे में 'व्यक्तित्व अधिकार' स्थापित करने से मदद मिल सकती है। फर्जी की पहचान करना मुश्किल डीपफेक प्रौद्योगिकी ऐसी सामग्री तैयार करने में सक्षम है जो अति वास्तविक प्रतीत होती है।

## ऑफ बीट

# साबुत अनाज व चोकरयुक्त आटे से बनी ब्रेड में क्या अंतर



यदि आप ब्रेड खरीदने के लिए दुकानों पर जाते हैं, तो आपको विभिन्न प्रकार के विकल्प मिलेंगे। लेकिन बिक्री पर उपलब्ध सभी प्रकार के उत्पादों के बीच अंतर का पता लगाना कठिन हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों के अनुसार, साबुत अनाज की ब्रेड मूल अनाज के सभी भागों (एंडोस्पर्म, रोगाणु और चोकर) से बने आटे से बनाई जाती है, जो उनके मूल अनुपात में होता है। चूंकि इसमें अनाज के सभी भाग शामिल होते हैं, इसलिए चोकरयुक्त आटे से बनी ब्रेड आमतौर पर सफेद ब्रेड की तुलना में गहरे रंग की और थोड़ी अधिक भूरी होती है, जो केवल एंडोस्पर्म का इस्तेमाल करके बनाई जाती है। साबुत अनाज की ब्रेड के बारे में क्या विचार है? आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों में साबुत अनाज वाली ब्रेड को ऐसी ब्रेड के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें या तो पूर्ण अनाज होता है या फिर ऐसी ब्रेड जिसमें अनाज के सभी भाग अपने मूल अनुपात में मौजूद होते हैं। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों में इन्हें परिभाषित नहीं किया गया है, इसलिए निर्माता कानूनी तौर पर सफेद ब्रेड में थोड़ी मात्रा में साबुत अनाज मिला सकते हैं, ताकि उत्पाद अधिक स्वास्थ्यवर्धक लगे।

## ट्रेंड

### गोसेवा से आत्मिक शांति



गोमाता में करोड़ों देवी-देवताओं का वास माना गया है। वे केवल हमारी आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संवेदनाओं की आधारशिला भी हैं। उनकी सेवा से जो आत्मिक शांति, सुकून और परमानंद की अनुभूति होती है, वह अप्रतिम है।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### कुलियों के अधिकार



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान कुलियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद की, लेकिन इनकी आवाज़ नहीं सुनी जा रही। मैं इनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखूंगा और इनके अधिकारों के लिए पूरी ताक़त से लड़ूंगा!
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता



निलंबन का आधार यदि विचारधारा से प्रभावित होगा तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और परतंत्रता में क्या अंतर रह जाएगा। जो सोचते हैं कि 'निलंबन' से सच की ज़ुबान पर कोई लगाम लगा सकता है तो फिर ये उनकी नकारात्मक सोच का बचपना है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### खान-पान पर दें ध्यान



हमें 'द लैंसेट एंडो' के अध्ययन को गंभीरता से लेना चाहिए और अच्छी खान-पान की आदतों और शारीरिक गतिविधियों की दिशा में काम करना चाहिए, खास तौर पर युवा आबादी के बीच।
-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## औरंगजेब पर सपा विधायक की टिप्पणी पर सियासी घमासान तेज

# अबू आजमी महाराष्ट्र विस से निलंबित

एजेंसी ⏭ मुम्बई

मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ करने के बाद महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। महाराष्ट्र का बजट सत्र 3 मार्च को शुरू हुआ और 26 मार्च को खत्म होगा। संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील ने सदन में एक प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि आजमी ने जो टिप्पणी की, उससे सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है, जिसके कारण उनकी सदस्यता को बजट सत्र के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा गया था। प्रस्ताव को सदन में अध्यक्ष ने पारित कर दिया। महाराष्ट्र विस में दो दिन पहले भाजपा और शिवसेना विधायकों ने प्रदर्शन किया था।

### वीडियो बोले सदन में नहीं दिया था बयान

विधानसभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित होने के बाद सपा विधायक अबू आजमी ने एक वीडियो स्टेटमेंट जारी किया है। अबू आजमी ने कहा है कि, 'मैंने सदन में बयान नहीं दिया फिर भी मुझे निलंबित कर दिया गया।'

### शिवसेना की पुणे इकाई ने आजमी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया




### आजमी के बिगड़े बोल

### औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए, वह क्रूर शासक नहीं

*3 मार्च को आजमी ने कहा था- हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं। मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता और संपत्ति के लिए लड़ाई थी। अगर कोई कहता है कि यह लड़ाई हिंदू और मुसलमान को लेकर थी, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता। सपा विधायक ने आगे कहा था- औरंगजेब ने 52 वर्ष शासन किया और अगर वह सच में हिंदुओं को मुसलमान में परिवर्तित करते, तो सोचिए कितने हिंदू परिवर्तित हो जाते। 1857 की विद्रोह में जब मंगल पांडे ने लड़ाई शुरू की, तो उसका साथ सबसे पहले मुसलमान बहादुर शाह जफर ने दिया था।*

### आजमी की टिप्पणी महाराष्ट्र के गौरव का अपमानः शिवसेना नेता



पुणे (भाषा) शिवसेना की पुणे इकाई ने बुधवार को सपा के नेता अबू आसिम आजमी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि मुगल सम्राट औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली उनकी टिप्पणी महाराष्ट्र के गौरव का अपमान है। शिवसेना के नगर अध्यक्ष प्रमोद नाना भांगिरे ने कहा कि हिंदुओं के खिलाफ औरंगजेब के अत्याचारों और धर्म परिवर्तन कराने के उसके प्रयासों का महिमामंडन नहीं किया जा सकता तथा आजमी पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

### *औरंगजेब को अपना आदर्श मानती है समाजवादी पार्टी : आदित्यनाथ*

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुख्य विपक्षी दल सपा पर औरंगजेब को आदर्श मानने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिनका आचरण मुगल शासक जैसा है वे लोग तो उन पर ही गौरव की अनुभूति करेंगे। योगी ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान सपा पर तीखे प्रहार किये और औरंगजेब की तारीफ करने वाले, महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आसिम आजमी को पार्टी से निकालने की मांग की।



#### इस तरह तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और गुलामी में अंतर नहीं रह जाएगाः अखिलेश



अबू आजमी को विस से निलंबित किए जाने के बीच अखिलेश ने आश्चर्य जताया कि अगर निलंबन का आधार विचारधारा से प्रभावित होने लगे, तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और गुलामी में कोई अंतर नहीं रह जाएगा।

## केजरी के वीवीआईपी विपश्यना पर भाजपा व कांग्रेस के सवाल

# कारों का काफिला, जैमर के साथ 100 से ज्यादा कमांडो किए तैनात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की 10 दिवसीय विपश्यना साधना शुरू हो गई है, जो 15 मार्च को खत्म होगी। वे 4 मार्च को गाड़ियों के काफिले के साथ पंजाब के होशियारपुर से 11 किलोमीटर दूर स्थित आनंदगढ़ में धम्म धजा विपश्यना केंद्र पहुंचे थे।

उनके काफिले में तीन दर्जन से अधिक गाड़ियां थीं और सुरक्षा के लिए पंजाब पुलिस के 100 जवानों को तैनात किया गया था। उनके लाव-लश्कर पर अब राजनीति गरमा गई है। भाजपा और कांग्रेस ने इसे वीवीआईपी विपश्यना बताते हुए केजरीवाल पर निशाना साधा है।

### वे होशियारपुर से 11 किमी दूर धम्म धजा केंद्र पहुंचे




### अभी वे किसी पद पर नहीं

विधानसभा चुनाव में हार के बाद केजरीवाल अभी किसी संवैधानिक पद नहीं हैं, मगर पंजाब में उनके वीआईपी ट्रीटमेंट पर बहस छिड़ गई है।भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने सवाल उठाया कि पंजाब के टैक्सपेयर्स के पैसे का इस्तेमाल केजरीवाल की विपश्यना के लिए क्यों किया जा रहा है? सिरसा ने एक्स पर लिखा कि केजरीवाल कभी वैगनआर में एक आम आदमी होने का दिखावा करते थे। विपश्यना तो शांति के लिए एकांतवास होता है।



#### आम आदमी होने का सिर्फ दिखावा किया

दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने केजरी पर हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर केजरी के पंजाब दौरे को लेकर लिखा कि केजरीवाल आम आदमी होने का सिर्फ दिखावा करते थे। वे पंजाब के पैसों का अपनी लग्जरी सुविधाओं के लिए दुरुपयोग कर रहे हैं। आप की सच्चाई सामने आ गई है।



दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री ने नाव से यमुना का निरीक्षण किया

## दस दिनों में यमुना से 1,300 मीट्रिक टन कचरा निकाला गया : प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश वर्मा ने बुधवार को नाव से यमुना का निरीक्षण किया और कहा कि पिछले 10 दिन में नदी से 1,300 मीट्रिक टन कचरा निकाला गया है। बाद में, उन्होंने सफाई कार्यों की प्रगति का आकलन करने के लिए अधिकारियों के साथ एक बैठक की और कहा कि दिल्ली के सभी नालों को सीवेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) से जोड़ा जाएगा और उनकी क्षमता बढ़ाई जाएगी ताकि अपशिष्ट जल को नदी में बहने से रोका जा सके।" भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हाल में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना की सफाई का वादा किया था। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि सीवेज उपचार संयंत्र से संबंधित शिकायतों का समाधान किया जायेगा और दो साल के भीतर सभी एसटीपी स्थापित किए जाने की उम्मीद है। वर्मा ने कहा कि 2023 में दिल्ली को बाढ़ का सामना करना पड़ा। पहले सभी जलद्वार बंद कर दिए गए थे।


उत्तर रेलवे

ई–निविदा

खुली निविदा संख्या 63–अम्बाला/2024–25 दिनांक 04/03/2025

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/आरपीजे अनुभाग में विविध ट्रैक मरम्मत कार्य जिसमे वनस्पति हटाना, सेस सफाई के साथ उथली स्क्रीनिंग, कैजुअल स्लीपर नवीनीकरण, ईआरसी ग्रीसिंग, ट्रैक्टर/जेसीबी आदि को किराये पर लेना, सादे ट्रैक/टर्न आउट को उठाना और पैक करना आदि शामिल हैं। | 66,05,842 | 1,32,100 | 06 महीने | 27.03.2025 |
| 2 | एडीईएन/एसआईआर के अधीन एसएसई/पीडब्लू/एसआईआर और एनएलडीएम के अनुभाग मे विविध ट्रैक मरम्मत जिसमें वनस्पति हटाना, उपकर सफाई के साथ उथली स्क्रीनिंग, आकस्मिक स्लीपर नवीकरण ईआरसी ग्रीसिंग, ट्रैक्टर/जेसीबी आदि को किराये पर लेना, सादे ट्रैक टर्नआउट आदि को उठाना और पैक करना शामिल है। | 80,14,329 | 1,60,300 | 06 महीने | 27.03.2025 |
| 3 | एडीईएन एसआरई के क्षेत्राधिकार में एसआरई–यूएमबी खंड पर पुल संख्या 245 (स्पैन 7X610एम) की स्कॉर निगरानी। | 20,80,931 | 41,600 | 16 महीने | 27.03.2025 |
| 4 | सीनियर डीईएन IV/यूएमबी के अधीन अंबाला डिवीजन के एसआईआर–डीएलपीसी सेक्शन पर पुल संख्या 140 (3×45.70 मीटर) की स्कोर मॉनिटरिंग। | 20,80,931 | 41,600 | 16 महीने | 27.03.2025 |
| 5 | एडीईएन/एसआरई अनुभाग में आरयूबी संख्या 88,92 और 94 पर बैलास्ट रिटेनर का प्रावधान, आरओबी संख्या 219,220,221 और 239 पर सुरक्षा स्क्रीन का प्रतिस्थापन और आरओबी संख्या 218ए, 253ए पर आरसीसी साइड रेलिंग, पियर/पियर कैप को मजबूत करना, सम्प वेल से गाद निकालना और अन्य छोटी मरम्मत। | 94,30,749 | 1,88,600 | 06 महीने | 27.03.2025 |

नोटः 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 704/25


# शाह कल बेंगलुरु के दौरे पर

भाषा ⏭ बेंगलुरु

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने बुधवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य में एक अस्पताल का उद्घाटन करने के लिए सात मार्च को बेंगलुरु आएंगे। विजयेंद्र ने बताया कि शाह तमिलनाडु से बेंगलुरु पहुंचेंगे। उन्होंने संवाददाताओं को बताया, "केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सात मार्च को कर्नाटक का दौरा करेंगे। वह तमिलनाडु से बेंगलुरु आएंगे।



वह विश्वतीर्थ महास्वामी द्वारा नेलमंगला में बनवाए गए एक अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। वह यहां किसी राजनीतिक कार्यक्रम के लिए नहीं आ रहे हैं।

## *एलएचडीसीपी के तहत केंद्र सरकार ने योजना को दिया बढ़ावा*

# गुणवत्तापूर्ण सस्ती जेनरिक पशु दवाओं की आपूर्ति से स्वास्थ्य सुधरेगा, बढ़ेगा पशुपालन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 3,880 करोड़ रुपए के पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में संशोधनों को मंजूरी देकर किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं के वितरण को मंजूरी दे दी है।

पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचडीसीपी) पशुओं में होने वाले रोगों की रोकथाम और इलाज के लिए संचालित केंद्र सरकार की एक योजना है। इस योजना का तहत पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना और पशुपालन को बढ़ावा देना है। एलएचडीसीपी के तहत वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए कुल बजट 3,880 करोड़ था।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3,880 करोड़ की योजना मंजूर की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना में कुछ संशोधनों को मंजूरी दी गई। एलएचडीसीपी योजना में अब 'पशु औषधि' का एक नया हिस्सा जोड़ा गया है।



### सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने दी जानकारी

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा, मंत्रिमंडल में पशुधन स्वास्थ्य से संबंधित निर्णय लिया गया है। इस योजना के पशु औषधि घटक के तहत उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### पीएम किसान समृद्धि केंद्रों और सहकारी समितियों पर मिलेंगी दवाएंः वैष्णव

इस दौरान केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि यह पशु औषधि, जन औषधि योजना के समान होगी। अब जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाएं पीएम किसान समृद्धि केंद्रों और सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित की जाएंगी। पशु चिकित्सा दवाओं के पारंपरिक ज्ञान को भी पुनर्जीवित किया जाएगा और योजना के हिस्से के रूप में इस पारंपरिक ज्ञान का भी दस्तावेज तैयार किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'पशु औषधि' के प्रावधान के तहत अच्छी गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं की आपूर्ति और बिक्री को प्रोत्साहन देने के लिए कुल बजट आवंटन से 75 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

## डीआरडीओ ने तेजस के जीवन रक्षक सिस्टम का अधिकतम ऊंचाई से किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस के लिए एकीकृत जीवन रक्षक सिस्टम (आईएलएसएस) का अधिकतम ऊंचाई से सफल परीक्षण किया है। यह स्वदेशी ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) पर आधारित एक अत्याधुनिक प्रणाली है। जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसके बाद पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता के लिए डीआरडीओ, वायुसेना, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और रक्षा क्षेत्र के उद्योग जगत को बधाई दी और कहा कि ये उपलब्धि अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों के प्रति भारत की वचनबद्धता को सशक्त करती है। इस सिस्टम में लगी हुई 90 फीसदी सामग्री स्वदेशी है।

- रक्षा मंत्री ने दी संगठन
- सिस्टम में लगी 90 फीसदी सामग्री स्वदेशी

### बेंगलुरु में आरएसएस की तीन दिवसीय बैठक

**नई दिल्ली (भाषा)।** आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में होगी। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर की ओर से जारी बयान में कहा गया कि संघ की कार्य पद्धति में यह निर्णय करने वाली सर्वोच्च इकाई है तथा इसका आयोजन प्रतिवर्ष होता है। यह बैठक बेंगलुरु के चन्नेनहल्ली में स्थित जनसेवा विद्या केंद्र परिसर में होगी।

### लखनऊ में राहुल गांधी पर 200 रुपये जुर्माना

लखनऊ। लखनऊ के कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया। चेतावनी दी कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

### दक्षिण राज्य संयुक्त कार्रवाई समिति बनाएं

## लोकसभा परिसीमन वर्ष 1971 की जनगणना के अनुसार होः स्टालिन

भाषा ⏭ चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने बुधवार को लोकसभा सीट के परिसीमन पर यहां एक सर्वदलीय बैठक में दक्षिणी राज्यों के सांसदों और पार्टी प्रतिनिधियों वाली एक संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) के गठन का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव पेश करते हुए स्टालिन ने कहा कि संसद में सीट की संख्या में वृद्धि की स्थिति में 1971 की जनगणना को इसका आधार बनाया जाना चाहिए। साथ ही, उन्होंने जोर देकर कहा कि



2026 से 30 वर्षों के लिए लोकसभा सीट के परिसीमन को लेकर 1971 की जनगणना को आधार बनाया जाना चाहिए और पीएम मोदी को संसद में इस बारे में आश्वस्त करना चाहिए। प्रस्ताव के मुताबिक जेएसी ऐसी मांगों को आगे बढ़ाएगी और लोगों के बीच जागरूकता पैदा करेगी।

### प्रयागराज में टूरिज्म के ऐतिहासिक रिकॉर्ड टूट गए, 55 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे, पर्यटन निगम ने कमाए 100 करोड़

**प्रयागराज(एजेंसी)।** दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर प्रयागराज ने पहली बार ऐतिहासिक रिकॉर्ड के साथ मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। टूरिज्म के सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार महाकुंभ के 45 दिनोंमें ही तकरीबन 55 लाख विदेशी पर्यटक आए हैं। पिछले साल करीब 5,000 विदेशी ही आए थे। इस बार 73 देशों के राजनयिक और 116 देशों के विदेशी श्रद्धालु संगम स्नान करने आए। इनमें सर्वाधिक नेपाल, अमेरिका, ब्रिटेन, श्रीलंका, कनाडा और बांग्लादेश से आए। इसके साथ रूस, जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्राजील, मलयेशिया, न्यूजीलैंड, इटली, कनाडा और थाइलैंड सहित 100 से अधिक देशों से भी लोग पहुंचे।

### बसपा के ऑफर को आकाश आनंद के पिता ने ठुकराया

# माया के भाई का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने से इनकार, पार्टी ने जिम्मेदारी वापस ली

एजेंसी ⏭ लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में पारिवारिक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मायावती के भतीजे आकाश आनंद से अनबन के बाद अब भाई आनंद कुमार से भी नहीं बन रही। मायावती ने 3 दिन पहले भतीजे आकाश आनंद को नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया था। इसके बाद उनके पिता आनंद कुमार को जिम्मेदारी सौंपी थी। हालांकि, आनंद कुमार ने ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर काम करने से इनकार कर दिया। इसके बाद



- मायावती ने पार्टी में कई बड़े फेरबदल का ऐलान किया

मायावती ने उनसे जिम्मेदारी वापस ले ली है। बुधवार सुबह मायावती ने एक्स पर 2 पोस्ट किए। इसमें लिखा- आनंद कुमार ने एक पद पर काम करने की इच्छा जाहिर की। इसलिए, वह पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। जबकि नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद की जिम्मेदारी उनसे वापस ली जा रही है। इसके अलावा, मायावती ने पार्टी में कई बड़े फेरबदल का ऐलान किया है। सहारनपुर के रहने वाले रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी है। मायावती ने कहा कि अब राज्यसभा सांसद रामजी गौतम और रणधीर बेनीवाल, दोनों पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के रूप में मेरे निर्देशन में काम करेंगे। इससे पहले, आकाश के ससुर और फिर उन्हें पार्टी से निकाल दिया था।


सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/691

मनकि नवीन पुत्र रणबीर, निवासी मकान न0 373, गाँव याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर एवं बिस्वेदार गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 3606, 3608 बैय, के अनुसार अराजी खेवट न0 360मिन/260, खाता न0 368 मिन, मु0 न0 49, किला न0 11/1(2–10), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 10 मरले (0.3125 एकड़) सालम भाग वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 2 कनाल 10 मरले (0.3125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1414

हमकि (1) शकुन्तला पत्नी हवासिहं पुत्र भानेराम व (2) समेश पत्नी जयभगवान पुत्र रतीराम, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2019–20 व इन्तकाल न0 1657, 1659, 1661, 1680, 1719, 1729 बैय, के अनुसार खेवट न0 94मिन/80/1मिन, खाता न0 98 मिन, मु0 न0 6, किला न0 24/2(4–9) किता 1, तादादी रकबा 4 कनाल 9 मरले का 1/4 भाग, बकदर 1 कनाल 2.25 मरले (जिसमें शकुन्तला 1/8 भाग व समेश 1/8 भाग) के मालिकान व काबिजान हैं जिसमें से 9/356 भाग, बकदर 0 कनाल 2.25 मरले (जिसमें शकुन्तला 9/712 भाग व समेश 9/712 भाग) व खेवट न0 101/86/3, खाता न0 105, मु0 न0 6, किला न0 17/2/2(2–17) किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 17 मरले का 101/114 भाग, बकदर 2 कनाल 10.5 मरले (जिसमे शकुन्तला 101/228 भाग व समेश 101/228 भाग), उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 2 कनाल 12.75 मरले (0.3296875 एकड़) वाका रकबा मौजा निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 6, किला न0 17/2/2 मिन मध्य (2–10.5), 24/2 मिन मध्य (0–2.25) किते 2, तादादी रकबा 2 कनाल 12.75 मरले (0.3296875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 05.03.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरुग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



कार्यालय जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, नारनौल

वर्ष 2025-26 के लिए श्रम एवं दुलाई तथा परिवहन अनुबंधों के लिए ई-निविदा सूचना

उपायुक्त, महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल की अध्यक्षता के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि अथवा एसपी द्वारा मनोनीत सदस्य, सब डिवीजनल मैजिस्ट्रेट (सिविल), सदस्य एफसीआई, डीएफएससी, सदस्य हैफेड और सदस्य एचडब्ल्यूसी के सम्बन्ध में निविदा कमेटी की उपस्थिति में वर्ष 2025-26 हेतु नारनौल, नांगल चौधरी, अटेली, महेन्द्रगढ़, कनीना और सतनाली मण्डी के लिए परिवहन प्रचालनों और श्रम एवं ढुलाई हेतु (नारनौल, नांगल चौधरी, अटेली, महेन्द्रगढ़, सतनाली और कनीना मण्डी) निम्नलिखित तिथियों को अल्प अवधि ई-निविदाएं पुनः आमंत्रित की जाती हैं :-

| कार्य | निविदा जमा हेतु ई-निविदा आमंत्रण तिथि | बोली जमा की अन्तिम तिथि व समय | तकनीकी बोली का खुलना और दस्तावेजों की जांच | वित्तीय बोली का खुलना और नेगोसिएशन एवं अन्तिम रूप देना | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| अनाज/मोटा अनाज/ स्टॉक आर्टिकल का परिवहन | 05-03-2025 पूर्वा. 9:00 बजे | 11-03-2025 अप. 5.00 बजे | 12-03-2025 पूर्वा. 10.00 बजे | 18-03-2025 पूर्वा. 10.00 बजे | लघु सचिवालय, तृतीय तल, कमरा नं. 311, डीएफएससी कार्यालय नारनौल |
| अनाज/मोटा अनाज/स्टॉक आर्टिकल का श्रम एवं ढुलाई प्रचालन | 05-03-2025 पूर्वा. 9:00 बजे | 11-03-2025 अप. 5.00 बजे | 12-03-2025 पूर्वा. 10.00 बजे | 18-03-2025 पूर्वा. 10.00 बजे | |

1. निविदकों को दोनों निविदा बोलियां अर्थात तकनीकी बोली और "वित्तीय बोली" जमा करवाने चाहिएं, केवल इलैक्ट्रोनिक रूप (निविदा दस्तावेज देखें) वित्तीय बोली प्रस्ताव वाणिज्यिक लिफाफे के तहत अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा करवाए जाएंगे और मूल को मैनुअली जमा नहीं करवाया जाएगा)। वित्तीय बोली केवल पूर्ण तकनीकी बोली के पश्चात खोली जाएगी।
2. प्रत्येक तकनीकी बोली के साथ आरटीजीएस के माध्यम से धरोहर राशि अवश्य संलग्न होनी चाहिए।
3. सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा और जिला निविदा कमेटी द्वारा एकदम रद्द कर दी जाएंगी।
4. निविदा प्रपत्र और विस्तृत नियम एवं शर्तें इस विभाग की वेबसाइट अर्थात https://etenders.hry.nic.in और https://haryanafood.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
5. किसी पूछताछ / समस्या के मामले में, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, नारनौल / अधिप्राप्ति करने वाली एजेंसियों के जिला प्रबंधक से सम्पर्क किया जा सकता है।
6. मार्केटिंग सीजन वर्ष 2024-25 हेतु रबी और खरीफ के अधिप्राप्ति आंकड़े (यदि आवश्यक हो), सम्बद्ध एजेंसी से किसी भी कार्यदिवस को प्राप्त किये जा सकते हैं।
7. जिला निविदा कमेटी बिना कोई कारण बताए किसी / सभी निविदाओं को स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। निविदा कमेटी द्वारा निविदा की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात, किसी प्रचालन हेतु दर की आगे बढ़ौतरी के लिये कोई आग्रह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/- (कुशल पाल बूरा)
जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, नारनौल

पीआरडीएच-1042/11/55/2025/32622/88/6 दि. 05.03.25



कार्यालय जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी

वर्ष 2025-26 के लिए श्रम एवं दुलाई तथा परिवहन अनुबंधों हेतु पुनः ई-निविदा सूचना

उपायुक्त, भिवानी की अध्यक्षता के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, एफसीआई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी के सम्बन्ध में निविदा कमेटी की उपस्थिति में निम्नलिखित तिथियों को वर्ष 2025-26 हेतु बवानी खेड़ा, बहल, भिवानी, चांग, धनाना, ढिगावा, जुई, लोहारू, सिवानी, तोशाम और खरक कलां मण्डियों के लिए परिवहन कार्य और श्रम एवं ढुलाई कार्यों हेतु पुनः ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र. सं. | कार्य | ई-निविदा का जारी होना / आमंत्रण | ई-निविदा की अन्तिम तिथि | तकनीकी बोली का खुलना और दस्तावेज की जांच | वित्तीय बोली का खुलना और नेगोसिएशन एवं अन्तिम रूप देना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रम एवं ढुलाई | 05-03-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | 12-03-2025 अप. 5.00 बजे | 13-03-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | डीएलटीसी के निर्णय के अनुरूप |
| 2. | परिवहन | 05-03-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | 12-03-2025 अप. 5.00 बजे | 13-03-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | डीएलटीसी के निर्णय के अनुरूप |

1. निविदा प्रपत्र और विस्तृत नियम एवं शर्तें इस विभाग की वेबसाइट अर्थात https://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
2. किसी पूछताछ / समस्या के मामले में, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी / जिला भिवानी की अधिप्राप्ति करने वाली एजेंसियों के जिला प्रबंधक से सम्पर्क किया जा सकता है।
3. मार्केटिंग सीजन वर्ष 2025-26 हेतु रबी और खरीफ के दौरान खरीदे गये गेहूं, धान, खाद्यान्न, दालें, सरसों, बाजरा, मोटा अनाज और अन्य वस्तुओं के अधिप्राप्ति आंकड़े (यदि आवश्यक हो), सम्बद्ध एजेंसी से किसी भी कार्यदिवस को प्राप्त किये जा सकते हैं।
4. जिला निविदा कमेटी बिना कोई कारण बताए किसी / सभी निविदाओं को स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। निविदा कमेटी द्वारा निविदा की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात, किसी प्रचालन हेतु दर की आगे बढ़ौतरी के लिये कोई आग्रह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/- (अनिल कालरा)
जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, भिवानी

पीआरडीएच-1042/11/60/2025/32629/88/6 दि. 05.03.25

**जयशंकर ने की ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से मुलाकात**

# यूक्रेन में स्थायी शांति के साथ दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर हुई चर्चा, भारत-ब्रिटेन रक्षा, प्रौद्योगिकी और शिक्षा क्षेत्र में बढ़ाएंगे सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ लंदन

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर इन दिनों ब्रिटेन के आधिकारिक दौर पर हैं। यहां उन्होंने मंगलवार शाम को ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से उनके आवास पर मुलाकात की। जहां उन्होंने कीर स्टार्मर को पीएम मोदी का शुभकामना संदेश दिया। ब्रिटिश पीएम से मुलाकात की तस्वीरें विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' अकाउंट पर शेयर की हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि 10 डाउनिंग स्ट्रीट में कीर स्टार्मर से मुलाकात करके बहुत खुशी हुई।

इस दौरान हमारे बीच द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और लोगों के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने पर चर्चा हुई। वार्ता के दौरान पीएम स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण को भी साझा किया। इससे पहले, उन्होंने ब्रिटेन और आयरलैंड को कवर करते हुए अपनी छह दिवसीय यात्रा के पहले दिन मंत्रिस्तरीय वार्ता की। जयशंकर ने ब्रिटेन की गृह मंत्री यवेटे कूपर से मुलाकात की और लोगों के बीच आदान-प्रदान, तस्करी और उग्रवाद से निपटने के संयुक्त प्रयासों पर चर्चा की। ब्रिटेन ने भारत के साथ रक्षा, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया है।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से उनके आवास पर मुलाकात की। जहां उन्होंने कीर स्टार्मर को पीएम मोदी का शुभकामना संदेश दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि 10 डाउनिंग स्ट्रीट में कीर स्टार्मर से मुलाकात करके बहुत खुशी हुई

**बेलफास्ट व मैनचेस्टर में खुलेंगे भारत के नए वाणिज्य दूतावास**

**तस्करी और उग्रवाद से निपटने के संयुक्त प्रयासों पर चर्चा की**



### व्यापारिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट के चिवनिंग हाउस में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन यात्रा के दौरान बेलफास्ट (उत्तरी आयरलैंड) और मैनचेस्टर (उत्तरी इंग्लैंड) में दो नए वाणिज्य दूतावास खोले जाएंगे। ब्रिटेन के ब्रिटिश विदेश सचिव डेविड लैमी ने मंगलवार को कहा कि इससे दोनों देशों के बीच 41 अरब पाउंड (लगभग 45.50 अरब रुपए) के व्यापारिक साझेदारी को और मजबूती मिलेगी। यह कदम ब्रिटेन में रह रहे भारतीय समुदाय को भी सहयोग प्रदान करेगा। लैमी ने कहा, बेलफास्ट और मैनचेस्टर में भारतीय दूतावासों का विस्तार हमारे बीच मजबूत होते संबंधों को दर्शाता है। यह न केवल लंदन, बल्कि पूरे ब्रिटेन में आर्थिक विकास को गति देगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कदम व्यापारिक रिश्तों और भारतीय समुदाय के लिए मददगार साबित होगा।



### वैश्विक चुनौतियों पर सहयोग को देंगे बढ़ावा

*जयशंकर ने ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ बैठक की। जयशंकर ने रेनॉल्ड्स के साथ अपनी बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमने एफटीए वार्ता की प्रगति पर चर्चा की। अधिकारियों ने कहा कि दोनों देशों के विदेश मंत्री भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।*



**अमेरिका की चीन, कनाडा व मेक्सिको से आर्थिक जंग शुरू, ट्रूडो बोले**

# 25% टैरिफ से पुतिन को खुश करने में लगे हैं ट्रंप

एजेंसी ▶▶ ओटावा

**कनाडा डब्ल्यूटीओ में ट्रेड एग्रीमेंट उल्लंघन को चुनौती देगा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कनाडा, मेक्सिको और चीन पर लगाया गया आयात शुल्क मंगलवार से लागू होने के साथ ही दुनिया में नया व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। ट्रंप ने जहां कनाडा और मेक्सिको पर 25 फीसदी आयात शुल्क लगाया, वहीं चीन के उत्पादों पर यह 20 फीसदी है। बता दें कि ट्रंप ने अमेरिका के तीन सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ टैरिफ लगाए, जिसके बाद मैक्सिको, कनाडा और चीन ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मचा दी। ट्रंप ने मैक्सिकन और कनाडाई आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ लगा दिया, हालांकि उन्होंने कनाडाई ऊर्जा पर शुल्क को 10 फीसदी तक सीमित कर दिया।

कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कहा कि कनाडा पर लगाया गया आयात शुल्क एक बेहद मूर्खतापूर्ण काम है और उनका देश तत्काल इसका जवाब देगा। उन्होंने कहा कि ट्रंप कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ते हुए रूस को खुश कर रहे हैं। अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ट्रूडो ने कहा कि हम अमेरिका से होने वाले 30 अरब कनाडाई डॉलर के आयात पर तत्काल 25 फीसदी टैरिफ लगा रह हैं और जरूरत पड़ने पर अगले 21 दिन में 125 अरब कनाडाई डॉलर के अन्य आयात पर भी टैरिफ लगाएंगे। हालांकि इन सभी टैरिफ के लिए निश्चित रूप से कोई न्यायोचित वजह नहीं बताई जा सकती। उन्होंने कहा कि कनाडा डब्ल्यूटीओ में अमेरिका-मैक्सिको-कनाडा ट्रेड एग्रीमेंट के उल्लंघन को चुनौती देगा।



**इस व्यापार युद्ध से दुनिया में महंगाई तेजी से बढ़ने की आशंका**

### हम कभी अमेरिका के 51वें राज्य नहीं बनेंगे

ट्रूडो ने कहा कि ट्रंप ने कई बार कहा है कि उनका लक्ष्य कनाडा की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है, ताकि वे कनाडा को अपने अधीन कर सकें। यही वह चाहते हैं। ट्रूडो ने कहा कि हम कभी भी अमेरिका के 51वें राज्य नहीं बनेंगे। वहीं, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि कनाडा के गवर्नर ट्रूडो को समझाएं कि जब कनाडा अमेरिका पर प्रतिशोधी टैरिफ लगाएगा, तो हमारा पारस्परिक टैरिफ भी तुरंत उसी राशि से बढ़ जाएगा।

**पुतिन को खुश कर रहा अमेरिका**

ट्रूडो ने कहा कि अमेरिका ने कनाडा, अपने सबसे करीबी साथी के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ दिया है और साथ ही रूस के तानाशाह व्लादिमीर पुतिन को खुश करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि कनाडा यह व्यापार युद्ध नहीं चाहता, लेकिन ट्रंप ने यह विकल्प चुना है। ट्रूडो ने रूस के बारे में कहा कि अमेरिकी अपने दोस्तों को ऐसे देश के पक्ष में छोड़ने के बारे में कैसा महसूस करते हैं, जिसने कभी अमेरिकियों की भलाई के लिए काम नहीं किया?

**ग्रीनलैंड हमारा है, इसे खरीदा नहीं जा सकता**

नुउक (ग्रीनलैंड)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संदेश को तवज्जो न देते हुए ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री मुटे बौरुप एगेडे ने बुधवार को कहा कि 'ग्रीनलैंड हमारा है' और इसे खरीदा नहीं जा सकता। ट्रंप ने कहा था कि उनका प्रशासन आर्कटिक द्वीप के आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थन करता है, लेकिन अमेरिका "किसी भी तरह से" क्षेत्र का अधिग्रहण करेगा।

# अगले महीने श्रीलंका जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले अप्रैल महीने में श्रीलंका की यात्रा कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें पिछले साल के अंत में नई दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा पर आए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। अगर पीएम की यह यात्रा हुई तो उसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं, कनेक्टिविटी और आर्थिक मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जा सकती है। भारत की तरफ से फिलहाल पीएम मोदी की श्रीलंका यात्रा को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन मीडिया के एक वर्ग में इस बाबत खबरों का बाजार खासा गर्म है। कोरोना महामारी की वजह से आर्थिक रूप से दिवालिया हुए श्रीलंका को उबारने में भारत ने अब तक कुल करीब 20 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता लाइन ऑफ क्रेडिट के आधार पर दी है। वहीं, श्रीलंका के नवनियुक्त राष्ट्रपति दिसानायके ने भारत को यह आश्वासन दिया है कि वो हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में अपने भूभाग को किसी दूसरे देश के लाभ के लिए प्रयोग करने के लिए नहीं देंगे। जिससे भारत के हित प्रभावित हों। श्रीलंका के राष्ट्रपति की यह टिप्पणी उनके द्वीपीय देश पर बढ़ते चीन के प्रभाव के बीच भारत द्वारा प्रकट की जा रही अप्रत्यक्ष चिंताओं के जवाब में दी गई थी।



**यूएस राष्ट्रपति ट्रंप का दावा**

# बातचीत के लिए तैयार जेलेंस्की पुतिन ने कहा यह सकारात्मक

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के उस बयान को 'सकारात्मक' बताया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह रूस के साथ तीन साल से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत की मेज पर आने को तैयार हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि उन्हें यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक पत्र भेजा है। ट्रंप ने कहा कि पत्र कहता है, टिकने वाली शांति के करीब पहुंचने के लिए यूक्रेन जल्द से जल्द समझौते की मेज पर आने को तैयार है।






**चीन ने भारी भरकम रक्षा बजट का किया ऐलान**

# 249 अरब अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा पिछले साल की तुलना में 7.2% अधिक

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन ने 2025-26 के लिए भारी भरकम रक्षा बजट का ऐलान किया है। इससे चीन के खतरनाक इरादों को समझा जा सकता है। चीन अपनी सेना को दुनिया की सबसे ताकतवर सेना बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रहा है। वह इस मामले में अमेरिका को भी पीछे छोड़ना चाहता है। लिहाजा चीन अपने रक्षा बजट को हर साल बढ़ाता जा रहा है।

**अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट**

*चीन के पीएम ली कियांग द्वारा चीन की संसद में प्रस्तुत मसौदा बजट रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष देश का नियोजित रक्षा व्यय लगभग 249 अरब अमेरिकी डॉलर है। पिछले साल चीन ने अपना रक्षा बजट 7.2 प्रतिशत बढ़ाकर लगभग 232 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया था।*

**भारत से 3 गुना ज्यादा रक्षा बजट**

चीन का यह रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट से करीब 3 गुना ज्यादा है। वहीं अमेरिका के रक्षा बजट का करीब एक चौथाई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित देश का नवीनतम रक्षा बजट 890 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। इस लिहाज से चीन का रक्षा व्यय भारत के 78.8 अरब अमेरिकी डॉलर से लगभग तीन गुना अधिक है। जबकि अमेरिका से 4 गुना कम। चीन के रक्षा बजट के आंकड़ों को आलोचक काफी सतर्कता की दृष्टि से देखते हैं, क्योंकि चीनी सेना द्वारा बड़े पैमाने पर सैन्य आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

### रेलवे पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए रेलवे शुरू करेगा यहां सीधी ट्रेन सेवा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भगवान श्रीराम के भक्तों को भारतीय रेलवे जल्द ही बड़ी सौगात देने जा रही है। अब अयोध्या से भगवान श्रीराम की ससुराल जनकपुर (नेपाल) तक सीधे ट्रेन सेवा शुरू करने जा रही है। इस पहल का उद्देश्य प्रभु राम की ससुराल जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को आसान और सुविधाजनक बनाना है। जनकपुर (नेपाल) आने वाले पर्यटकों की संख्या बेहद सीमित है। जनकपुर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं के पास केवल दो विकल्प हैं।

**हादसे के दो दिन बाद उत्तराखंड का औली फिर पर्यटकों से गुलजार**

# सेना के अस्पताल से 36 और श्रमिकों को मिली छुट्टी

एजेंसी ▶▶ जोशीमठ

**तीन दिनों तक रेस्क्यू अभियान चलाकर 46 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला**

उत्तराखंड के माणा हिमस्खलन से रेस्क्यू कर अस्पताल लाए गए 36 श्रमिकों को मंगलवार को सेना के अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। ये सभी श्रमिक अपने घर चले गए हैं। 28 फरवरी की सुबह माणा के पास हुए हिमस्खलन में बीआरओ की कार्यदायी संस्था के 54 श्रमिक चपेट में आ गए थे। सेना, आईटीबीपी और एनडीआरएफ की टीम ने तीन दिनों तक रेस्क्यू अभियान चलाकर 46 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला जबकि 8 की बर्फ में दबने से मौत हो गई थी। सभी 46 घायलों को हेलिकॉप्टर से सेना के जोशीमठ स्थित अस्पताल में भर्ती किया गया। गंभीर घायल दो श्रमिकों को एम्स ऋषिकेश भेजा गया जबकि 44 श्रमिक सेना के अस्पताल में ही भर्ती थे।



**150 पर्यटकों ने चेयर लिफ्ट का लुत्फ उठाया**

दो दिन औली में पर्यटकों की आवाजाही बंद रहने के बाद मंगलवार को यहां आवाजाही शुरू कर दी गई। रविवार और सोमवार को औली में पर्यटक नहीं पहुंच पाए, जिससे औली की वादियों में सन्नाटा पसरा रहा। मंगलवार सुबह बारिश हुई, लेकिन बाद में मौसम सामान्य होने पर पर्यटकों को औली जाने की अनुमति दे दी गई। वहीं औली में 105 पर्यटकों ने गढ़वाल मंडल विकास निगम की चेयर लिफ्ट का लुत्फ उठाया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25